आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 4 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-157 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 सितंबर 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

रायपुर की एयर होस्टेस की मुंबई में गला काटकर हत्या

रायपुर,4 सितंबर। इंडियन एयरलाइंस की एयर होस्टेस की मुंबई में गला काटकर हत्या करने का मामला सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार एयर होस्टेस रायपुर की रहने वाली थी। अंधेरी ईस्ट थाना इलाके का मामला। आपको बता दें कि रायपुर के राजेंद्र नगर निवासी एयर होस्टेस रूपल ओगरे की गला काटकर हत्या कर दी गई है। मुंबई अंधेरी ईस्ट स्थित एनजी कॉम्प्लेक्स में फ्लैट के वाशरूम में रक्तरंजित लाश मिली है। पिछले 2 साल से एयर इंडिया में एयर होस्टेस के पद पर मुंबई में पदस्थ थी। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

महिला वैज्ञानिक वलारमथी का निधन

बेंगलुरु,4 सितंबर। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से एक दुखद खबर सामने आई है. इसरो की एक वैज्ञानिक वलारमथी का निधन हो गया. हृदय गति रुकने से उन्होंने रविवार को आखिरी सांस ली. वह वलारमथी ही थीं, जिन्होंने श्रीहरिकोटा में रॉकेट लॉन्च की उलटी गिनती में अपनी आवाज दी थी. उनकी आखिरी बार उलटी गिनती अभी हाल ही में दी थी, जब देश के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण हुआ था. चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था. 23 अगस्त को, चंद्रयान -3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) - जिसमें विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर शामिल थे, चंद्रमा की सतह पर उतरा, जिससे यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया. लैंडिंग ने देश को पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना दिया. इस बीच, इसरो ने शनिवार को कहा कि चंद्रमा पर प्रज्ञान रोवर को निष्क्रिय कर दिया गया है. अंतरिक्ष एजेंसी को उम्मीद है कि वह 14 दिन बाद इसे फिर से सक्रिय करेगी.

एसएसपी ने शराबी हेड कांस्टेंबल को किया सस्पेंड

रायपुर 4 सितंबर । रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने एक हेड कांस्टेबल को सस्पेंड किया है। एसपी द्वारा जारी सस्पेंशन आर्डन में हेड कांस्टेबल के शराब के नशे में मंदिर के सामने अशोभनीय कृत्य करने का कारण बताया है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद एसएसपी ने तत्काल शराब के नशे में ड्यूटी कर रहे हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक निलंबित हेड कांस्टेबल सरस्वती नगर थाना में पदस्थ था।

बताया जा रहा है कि हेड कांस्टेबल कुलभूषण सिंह का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह शराब के नशे में मंदिर के सामने मौजूद है। और अशोभनीय कृत्य कर रहा था इसपर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने गहरी नाराजगी जताते हुए एक्शन लिया है। एसएसपी ने शराब के नशे में ड्यूटी कर रहे हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है।

नया रायपुर में दूषित खाना खाने से 20 से अधिक गायों की मौत

युवा मितान कार्यक्रम के लिए आये फूड पैकेट खुले में फेंक दिए गए

रायपुर,4 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

नया रायपुर में 20 से अधिक गायों की मौत हो गई है. इतने अधिक संख्या में हुई गायों की मौत से हड़कंप मच गया है. बताया जाता है कि गांव की सभी गायें बीमार पड़ गई है। घटना के बाद वेटरनरी डॉक्टरों की टीम नया रायपुर के तूता गांव जांच करने पहुंची गई है. वहीं बीमार गायों की जांच पहले की जा रही है. उसके बाद मवेशियों के मौत का पता लगाया जाएगा. जिस जगह पर ये घटना घटी है वहां कुछ दिन पहले राजीव युवा मितान सम्मेलन का आयोजन हुआ था.

इतने संख्या में हुई गायों की मौत से प्रदेश में सियासत भी गरमा गई है. बीजेपी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सवाल उठाया है तो वहीं मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि जांच करवा रहे हैं जो दोषी है उसपर कार्रवाई होगी. बताया जा रहा है कि खराब खाना खाने से कई सारी गाय बीमार हुए हैं. जानकारी के अनुसार, नया रायपुर के तूता गांव में खराब खाना खाने से करीब दो दर्जन गायों की मौत हो गई है. घटना की सूचना मिलत्ते ही डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. सबसे पहले बीमार गायों की जांच की जा रही है. उसके बाद मौत का पता लगाया जाएगा. मामले में ग्रामीणों का आरोप है कि गायों की मौत खुले में फेंके गए फूड पैकेट के खाने से हुई है. बता दें कि जिस जगह पर गायों की मौत हुई है वहां शनिवार को राजीव युवा मितान सम्मेलन का आयोजन हुआ था. वहीं सम्मेलन में बटने वाले सील बंद खाने पैकेट खुले में फेंके गए थे. इस ममले में इवेंट कंपनी की बड़ी लापरवाही बताई जा रही है.

मुआवजे का ऐलान

राज्य शासन ने प्रति गाय 37 हजार रुपये तथा बछड़े के लिए 20 हजार रुपये मुआवजा का ऐलान किया है। गायों का पोस्टमार्टम भी कराया जाएगा। वेटनरी डाक्टरों का कहना है कि दूषित भोजन से ही गायों की मौत हुई है।

अनुच्छेद 370 आत्म-विनाश तंत्र वाला प्रावधान

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने सुको में कहा

नई दिल्ली,4 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 370 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के प्रावधानों को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के 5 अगस्त, 2019 के फैसले का बचाव कर रहे उत्तरदाताओं से सोमवार को ही अपनी दलीलें समाप्त करने को कहा है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि अनुच्छेद 370 संविधान में एकमात्र प्रावधान है जिसमें आत्म-विनाश तंत्र है।

यह अनुच्छेद किसी भी प्रकार का अधिकार प्रदान नहीं करता है। तीसरा, अनुच्छेद 370 का निरंतर अनुप्रयोग भेदभावपूर्ण और बुनियादी ढांचे का विरोध करता है। चौथा, जहां तक ??धारा 370 के तहत प्रक्रिया का सवाल है, संघवाद के सिद्धांत का कोई अनुप्रयोग नहीं है। अनुच्छेद 368 संविधान में संशोधन के मामले में संघवाद को मान्यता देता है। जब अनुच्छेद 370 की बात आती है, तो भाषा सिर्फ सिफारिश है।सीजेआई ने कहा कि लेकिन समान रूप से, संविधान के अनुकूलन ने यह सुनिश्चित किया कि संशोधन के मामले में भी, राष्ट्रपति को अभी भी अनुच्छेद 370 (1) के मार्ग से गुजरना होगा। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज कहते हैं, कि जब हम एक अलग भाषा में दो लेख एक साथ पढ़ते हैं, तो यह उनमें से किसी एक को निरर्थक बना देगा।

वरिष्ठ वकील वीवी गिरि ने कहा कि अनुच्छेद 370 से दो या तीन विशेषताएं निकलती हैं। एक यह कि संसद को उन मामलों के संबंध में राज्य सरकार की सहमति की आवश्यकता होती है जो सूची 1 और 3 में शामिल हैं लेकिन आईओए से संबंधित नहीं हैं। यह केंद्र और जम्मू-कश्मीर के बीच संबंधों को एक स्तर पर स्थापित करता है, मैं इसे ऊंचा या नीचे नहीं कह रहा हूं, मैं संघ और अन्य सभी राज्यों के बीच निरंतर अंतर-संबंध संबंधों से अलग स्तर पर कह रहा हूं। जब सीओ 272 द्वारा 370 को निरस्त कर दिया गया और सभी प्रावधान जम्मू और कश्मीर पर लागू हो गए, तो यह अन्य सभी राज्यों के बराबर एक राज्य बन गया।

खड़गे 8 को राजनांदगांव में

रायपुर 4 सितंबर। चुनाव की घड़ी करीब है, लिहाजा राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का छत्तीसगढ़ आना जारी है। कांग्रेस और बीजेपी दोनों दलों के दिग्गज नेताओं का लगातार छत्तीसगढ़ दौरा हो रहा है। पिछले दिनों जांजगीर आये कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब राजनांदगांव आने वाले हैं। रविवार को हुई कांग्रेस की विस्तारित बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ दौरे का कार्यक्रम तय हुआ। जिसके बाद पार्टी खड़गे के कार्यक्रम की तैयारी में जुट गयी है। 8 सितंबर को कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का छत्तीसगढ़ दौरा होगा। तय कार्यक्रम के मुताबिक राजनांदगांव में वो आमसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जुटेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी जुटेंगे। आपको बता दें कि दो दिन पहले राहुल गांधी पर छत्तीसगढ़ दौरे पर आये थे, इस दौरान उन्होंने युवा मितान सम्मेलन को संबोधित किया था। जानकारी के मुताबिक खड़गे छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान ना सिर्फ आमसभा को संबोधित करेंगे, बल्कि पार्टी नेताओं से चर्चा भी करेंगे। खड़गे के दौरे के बाद पार्टी के प्रत्याशियों की पहली लिस्ट भी जारी हो सकती है। 8 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजनांदगांव दौरे के बाद स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक प्रस्तावित है और स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में चर्चा के बाद ही नाम हाईकमान के पास अप्रूवल के लिए भेजे जाएंगे।

संसद के विशेष सत्र को लेकर सियासत गर्म

नई दिल्ली,4 सितंबर। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी संसद के विशेष सत्र की रणनीति पर चर्चा करने के लिए 5 सितंबर को कांग्रेस संसदीय रणनीति समूह की बैठक की अध्यक्षता करने वाली हैं। सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक पांच दिनों के लिए ÷संसद का विशेष सत्र÷ बुलाया है। संसद के विशेष सत्र पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, कल हम संसदीय रणनीति समूह की बैठक बुला रहे हैं और कांग्रेस अध्यक्ष समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों की बैठक भी बुला रहे हैं। हम संसद सत्र के लिए अपनी रणनीति पर चर्चा करेंगे। आपको बता दें कि संसद के विशेष सत्र को लेकर राजनीति तेज है।

भारत राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (आई.एन.डी.आई.ए.) पार्टियों ने अपनी मुंबई बैठक के दौरान आगामी

लोकसभा चुनाव 2024 संयुक्त रूप से लड़ने के अपने संकल्प की घोषणा की। इस कदम का उद्देश्य एक संयुक्त मोर्चा प्रस्तुत करना और सार्वजनिक चिंता के मुद्दों को प्राथमिकता देना है। सूत्रों ने बताया कि ÷विशेष सत्र÷ के दौरान 10 से अधिक महत्वपूर्ण बिल पेश किए जाने की संभावना है। कांग्रेस नेता और सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हमें अभी तक इस पर कोई जानकारी नहीं मिली है। संसद उनकी (केंद्र) अपनी मर्जी से चल रही है। जब शीतकालीन सत्र होना ही था तो इस सत्र को बुलाने की क्या आपात स्थिति थी?

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के सांसद बिनॉय विश्वम ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर संसद के आगामी विशेष सत्र के दौरान प्रश्नकाल और शून्य काल नहीं होने को लेकर चिंता जताई। उन्होंने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने और 'संविधान का सरंक्षण, सुरक्षा और रक्षा करने'' की अपील की। राज्यसभा सदस्य ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में कहा है कि संविधान के तहत परिकल्पित नियंत्रण एवं संतुलन की प्रणाली 'बड़े खतरे' में है। भाकपा सांसद ने दावा किया, ''विशेष सत्र के साथ, सरकार यह संदेश देना चाहती है कि 'संसद में बहुमत ने उसे संसदीय प्रणाली को पूरी तरह से खत्म करने में सक्षम बना दिया है।''

जहरीली शराब पीने से 3 भाइयों की मौत

जांजगीर चांपा,4 सितंबर। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा से बड़ी खबर है. अकलतरा के ग्राम परसाही (बाना) में जहरीली शराब पीने से 3 भाइयों की मौत हो गई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जहरीली शराब पीने के कारण 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया. वहीं तीसरे भाई की इलाज के दौरान मौत हुई है. परिवार में मातम पसर गया है. बताया जा रहा है कि मृतक का नाम संजय सांडे, उम्र- 41 वार्ड- 15 सतनामी पारा का रहने वाला था. वहीं संत कुमार सांडे (बड़ा भाई), उम्र- 43 वर्ष की मौत हो गई.

महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : भूपेश बघेल

रायपुर,4 सितंबर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ राज्य में महिला सुरक्षा के प्रति बेहद संवेदनशील हैं। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देशों के अनुसार महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन किया जा रहा है। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए राज्य के प्रत्येक थाने में एक महिला सेल का गठन किया गया है और महिलाओं के संबंधित अपराधों की स्वतंत्र जांच भी की जा रही है ।

महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने ये घोषणा भी की है कि महिला अपराध से जुड़े व्यक्ति को शासकीय नौकरी नहीं मिलेगी। छत्तीसगढ़ में गृह(पुलिस) विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए विभाग कई योजनाओं का संचालन कर रहा है और जन जागरुकता अभियान भी चला रहा है। महिलाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ''अभिव्यक्ति'' महिला सुरक्षा ऐप विकसित किया है। इस मोबाइल एप्प का शुभारंभ 1 जनवरी 2022 को किया गया है। छत्तीसगढ़ की महिलाओं को कानून में प्रदत्त अधिकारों के बारे में जागरूक करने हेतु अभिव्यक्ति जन जागरूकता अभियान भी लगातार चलाया जा रहा है।

महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का आदेश जारी

रायपुर,4 सितंबर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के पेंशनर्स अधिकारी-कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा दिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने इसके लिए आज आदेश जारी कर दिया है। सातवें वेतनमान में मूल पेंशन/परिवार पेंशन के लिए महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह लाभ इसी जुलाई महीने की पहली तारीख से मिलेगा। इस वृद्धि के पश्चात अब महंगाई राहत 42 प्रतिशत हो गई है। इसके साथ ही छठवें वेतनमान के मूल पेंशन/ परिवार पेंशन पाने वाले पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में 9 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह लाभ भी इसी साल के जुलाई महीने की पहली तारीख से मिलेगा। इस वृद्धि के साथ ही महंगाई राहत में कुल वृद्धि 221 प्रतिशत हो गई है। उल्लेखनीय है कि पेंशनर्स की महंगाई राहत के संबंध में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों की स्वीकृति आवश्यक होती है। इस संबंध में स्वीकृति जल्द प्रदान करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा था। इसके बाद जैसे ही स्वीकृति प्राप्त हुई। महंगाई राहत में वृद्धि का लाभ पेंशनर्स को प्रदान करने का अविलंब निर्णय लिया गया।

बोरवेल में घुसे थे तीन मजदूर, जमीन धंसने से एक की मौत

बालोद,4 सितंबर।

गुरूर थाना क्षेत्र में पुराने खोदे गए बोरवेल में घुसे तीन मजदूर जमीन धंसने से मलबे में दब गए। दो मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं, एक मजदूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों मजदूर मशीन और पाइप लाइन निकालने के लिए जेसीबी से गड्ढा कर बोर में घुसे थे। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरफ की टीम ने रविवार रात में रेस्क्यू कर मलबे में दबे शव को बाहर निकाला। गुरुर थाना सहायक उपनिरीक्षक धनेश्वर साहू ने बताया कि घटना की जानकारी जैसी मिली पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से

रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची थी। रात लगभग दो बजे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला, जिसके बाद शव का रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया है। खैरडिग्गी गांव के रहने वाले मजदूर की रामकुमार पोया (36) पुत्र पुनाराम पोया की मलबे में दबकर मृत्यु हो गई है।

भाजपा ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर करारा प्रहार किया

विपक्ष की सनातन विरोधी मानसिकता को लेकर हंगामा

नई दिल्ली,4 सितंबर। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने सनातन धर्म के बारे में अमर्यादित टिप्पणी कर देश में नया बवाल खड़ा कर दिया है। उदयनिधि राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं इसलिए उनके इस आचरण को लेकर हिंदूवादी संगठनों के अलावा भाजपा भी तमिलनाडु में सत्तारुढ़ द्रमुक पर हमले कर रही है। यही नहीं, उदयनिधि के बयान के चलते विपक्षी गठबंधन इंडिया भी सवालों के घेरे में आ गया है क्योंकि उदयनिधि से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तथा बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने श्रीरामचरितमानस के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके अलावा कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम ने भी हाल ही में कहा था कि ऐसा लगता है कि उनकी पार्टी को तिलक और भगवा वस्त्रों से आपत्ति है। यही नहीं, अब जिस तरह से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे ने भी सनातन धर्म के बारे में अमर्यादित टिप्पणी की है उससे भाजपा को और हमलावर होने का अवसर मिल गया है।

इस बीच, भाजपा ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर करारा प्रहार किया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन का 'प्राथमिक एजेंडा हिंदू धर्म का पूर्ण उन्मूलन' है। भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'नफरती भाषण' करार देते हुए उच्चतम न्यायालय से उनके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई करने की अपील भी की। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों और उदयनिधि स्टालिन पर वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए 'सनातन धर्म' का अपमान करने का आरोप लगाया। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में त्रिवेदी ने द्रमुक नेता को आड़े हाथ लेते हुए कहा, ''यह बयान उनके द्वारा अलग से नहीं दिया गया, बल्कि इसकी एक पूरी श्रृंखला है।'' त्रिवेदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए कहा, ''द्रमुक नेता की यह टिप्पणी 'घमंडिया' गठबंधन की मुंबई में हुई बैठक के 48 घंटे के भीतर आई है जो 'मोहब्बत की दुकान के दुकानदार ' के असली चरित्र को उजागर करती है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''यह स्पष्ट है कि उनका प्राथमिक एजेंडा हिंदू धर्म, सनातन धर्म का पूर्ण उन्मूलन है।'' भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि उदयनिधि स्टालिन का बयान आकस्मिक नहीं है बल्कि 'सोच समझकर'' दिया गया बयान है। उन्होंने कहा कि उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियां ''वास्तव में अच्छी तरह से सोची-समझी, अच्छी तरह से लिखी गई, उचित डिजाइन और निष्कर्ष के साथ' की गई थीं, क्योंकि वह कागज पर लिखा भाषण पढ़ रहे थे। त्रिवेदी ने सवाल किया, %%उदयनिधि के लिए वह भाषण कागज पर किसने लिखा था? घमंडिया गठबंधन (अहंकारी विपक्षी गठबंधन) ने इसमें क्या भूमिका निभाई?'' भाजपा प्रवक्ता ने 'सनातन धर्म' के खिलाफ द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'पूरी तरह से क्षति पहुंचाने वाला, हिंसा भड़काने वाला नफरत फैलाने वाला भाषण' करार दिया। उन्होंने उच्चतम न्यायालय से कानून के अनुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया। त्रिवेदी ने कहा, %%स्पष्ट रूप से, यह घृणास्पद भाषण का मामला है। मुझे उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय नफरत फैलाने वाले भाषणों पर कड़ी नजर रखेगा और इस मामले में उचित कदम उठाएगा।'' उन्होंने कहा, ''इस घमंडिया गठबंधन की किसी भी सरकार से हमें कोई उम्मीद की किरण नहीं है।'' भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 'सनातन' एक संस्कृत शब्द है और द्रविड़ भी, जिसका इस्तेमाल आदि शंकराचार्य ने किया था। उन्होंने कहा कि वेदांत दर्शन की अवधारणा दक्षिणी भारत से उभरी, जिसे संस्कृत में 'द्रविड़' भूमि कहा जाता है। त्रिवेदी ने कहा, ''द्रविड़ तमिल शब्द नहीं है। यह एक संस्कृत शब्द है जिसका अंग्रेजों ने दुरुपयोग किया है।'' उन्होंने तमिलनाडु की जनता से अपील की कि वह 'अमृत काल में इस विष को निकाल फेंके।'' भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों का 'इंडिया' गठबंधन न केवल 'सनातन धर्म' का उन्मूलन चाहता है, बल्कि मोदी सरकार द्वारा किए गए 'संपूर्ण विकास को भी नष्ट करना' चाहता है।

इसरो ने दोबारा कराई विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग

बेंगलुरु,4 सितंबर। सोमवार को एक एक्स पोस्ट में इसरो ने जानकारी दी कि चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने फिर से चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की। दरअसल विक्रम लैंडर ने सफलतापूर्वक होप टेस्ट यानी जंप टेस्ट किया। इसके तहत इसरो की कमांड पर विक्रम लैंडर ने इंजन चालू किया और उम्मीद के मुताबिक खुद को 40 सेंटीमीटर उठाकर और फिर 30-40 सेंटीमीटर दूर फिर से लैंड करा दिया। इस प्रक्रिया को एजेंसी ने किक-स्टार्ट बताया है। इसरो ने बताया कि भविष्य में लैंडर के वापस लौटने और मानव मिशन के लिए इस प्रयोग के बेहद मायने हैं। इस प्रयोग के बाद लैंडर विक्रम के सभी सिस्टम सामान्य तौर पर काम कर रहे हैं। टेस्ट के दौरान लैंडर पर पेलोड ChaSTE और ILSA को कमांड देकर फोल्ड किया गया और सॉफ्ट लैंडिंग के बाद फिर से तैनात किया गया। इसरो ने बताया कि इस प्रयोग के साथ ही चंद्रयान-3 मिशन ने उम्मीद से बढ़कर काम किया है।

कनपटी में गोली मारकर युवक ने की खुदकुशी

धमतरी ,4 सितंबर। धमतरी शिव चौक निवासी आकाश सनी मिश्रा ने अपने आप को गोली मार दी पॉइंट 22 पिस्तौल से फायरिंग कर अपनी जान ले ली है । यह घटना कल शाम की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक अज्ञात कारणों से सनी ने अपनी जान ले ली सूत्रों की माने तो आत्महत्या करने से पहले उसने घर में सभी सदस्यों को फोन कर माफी मांगा और बरारी के जंगलों में अपने आप को गोली मार दि कारण अज्ञात है किस वजह से परेशानी थी वह सामने नहीं आया है बहरहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे पर लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को डेड बॉडी दे दी जाएगी।

एक नजर

फोरलेन से अवैध कब्जे हटाकर सुधारी जाए यातायात व्यवस्था

भिलाई, 4 सितम्बर। साक्षरता चौक से लेकर प्रियदर्शिनी परिसर अंडर ब्रिज रोड तक हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है अगर सर्विस रोड को चालू कर दिया जाए तो यह बहुत हद तक हादसे का खतरा कम हो सकता है। शासन प्रशासन से नागरिकों ने मांग की है कि यहां की सर्विस रोड को खोला जाए। यहां सर्विस रोड जो अवैध कब्जा करके लोग गाडियों को खड़ा किए हैं उसे हटाया जाए और आवागमन को सुगम बनाया जाए। इसी रोड पर लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल है वहां तक लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। नागरिकों की मांग है कि साक्षरता चौक से लेकर लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल तक इस सर्विस रोड को सही कर दिया जाए जिससे 18 नम्बर सड़क से निकल कर या फिर चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज से निकल कर अस्पताल की ओर जाने उल्टी दिशा में जाना पड़ता है। जिससे आमने-सामने गाडियों के बीच हमेशा हादसा होने का खतरा बना रहता है। इसलिए आम नागरिकों की मांग है कि साक्षरता चौक से लेकर आगे प्रियदर्शिनी परिसर अंडरब्रिज तक सड़क को सही किया जाए और आवागमन की सुविधा बहाल की जाए। इसी तरह छावनी चौक पर लगा सिग्नल भी काम नहीं कर रहा है। इसे सुधारा जाना और यहां ज़ेबरा क्रॉसिंग बनाना बेहद जरूरी है। जिससे वाहन सही दिशा में खड़ा हो। छावनी चौक पर जो सिग्नल लगा है सही ढंग से ना लगे होने से गाडियां बेतरतीब सी खड़ी होती हैं।

ओम शिव शक्ति विद्यालय में शिक्षक दिवस 5 को, शिक्षकों का होगा सम्मान

भिलाई, 4 सितम्बर। स्वतंत्र भारत के

द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर ओम शिव शक्ति विद्यालय नंदिनी रोड सुभाष नगर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। 5 सितम्बर मंगलवार को प्रातः 10 बजे आयोजित इस समारोह में सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं पत्रकार शिवनाथ शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया जायेगा।

प्रदेश अध्यक्ष बैज से मिले नवनियुक्त प्रदेश सचिव मेश्राम

राजनांदगांव, 4 सितंबर। नवनियुक्त प्रदेश सचिव प्रवीण मेश्राम ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से रविवार को सौजन्य मुलाकात की। श्री मेश्राम ने अपनी नियुक्ति को लेकर आभार जाहिर करते श्री बैज से पार्टी को मजबूत करने और समय-समय पर मिलने वाली जिम्मेदारी का निष्ठा के साथ निर्वहन करने का भरोसा जताया। प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज से बतौर सचिव मेश्राम की पहली मुलाकात है। राजधानी रायपुर में आज सुबह भेंट के दौरान राजनांदगांव और कवर्धा जिले की सियासी स्थिति को लेकर भी बैज ने जानकारी ली। संभावना जताई जा रही है कि नियुक्त प्रदेश सचिवों को विधानसभावार प्रभार सौंपा जा सकता है। मेश्राम को कवर्धा के किसी एक विधानसभा का प्रभारी नियुक्ति किए जाने की चर्चा है। प्रारंभिक रूप से इस विषय पर पहले दौर की चर्चा भी हो गई है। इधर मेहुल मारू, निखिल द्विवेदी, क्रांति बंजारे, हिमानी वासनिक समेत अन्य नवनियुक्त सचिवों को भी जिम्मेदारी दिए जाने की अटकले लग रही है। बताया जाता है कि एक-दो नाम को छोड़कर ज्यादातर प्रदेश सचिव विधानसभा चुनाव लडने के दावेदारों में नहीं है। जमीनी स्तर पर कुछ सचिवों की अपने इलाके में अच्छी पकड़ है। संगठन ऐसे सचिवों को विधानसभा प्रभारी नियुक्त कर चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिहाज से बेहतर मान रहा है। इस दौरान बीजापुर जिला पंचायत के अध्यक्ष शंकर कोडियाम भी शामिल थे।

राधा कृष्ण बने स्कुली बच्चे, शिक्षकों ने किया उत्साहवर्धन

राजनांदगांव। शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनी में शनिवार को बेंगलेश डे पर शाला के छात्र छात्राओं के द्वारा फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो के द्वारा आदिवासियों के रहन-सहन एवं जीवन शैली का प्रदर्शन किया गया एवं कक्षा दूसरी एवं तीसरी के छात्र- छात्राओं के द्वारा राधा-कृष्ण के रूप में कृष्ण जन्मोत्सव व कृष्णलीला का मंचन किया गया।शाला में शिक्षिका डालेवरी दिल्लीवार के द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रधान पाठक% थानसिंह साहू ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन बच्चों के उत्साहवर्धन एवं नियमित शाला आने के लिये प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर शाला के समस्त स्टाफ थानसिंह साहू, बैनलाल शांडिल एवं डालेश्वरी दिल्लीवार उपस्थित थे।

यात्रा के तीसरे दिन पांच गांवों में पहुंची मुख्यमंत्री संदेश एवं जन आशीर्वाद यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,4 सितंबर। जिला पंचायत के सदस्य एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने अपनी मुख्यमंत्री संदेश एवं जन आशीर्वाद यात्रा के तीसरे दिन यात्रा का शुभारंभ जिले की विधानसभा पंडरिया के ग्राम कोहड़िया से किया। तीसरे दिन की यात्रा अपने विशाल काफिले के साथ पूरे जोश और उत्साह से ग्राम कोहड़ियां, मोहनपुर, अचानकपुर, हथलेवा, सिंघनपुरी पहुंची जहां यात्रा में शामिल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने यात्रा के आयोजक तुकाराम चन्द्रवंशी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में ग्रामीणों के घर-घर पहुंचकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का संदेश व प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पोस्टकर के माध्यम से देकर लोगों को आशिर्वाद व जनसमर्थन मांगा। इस दौरान तुकाराम ने कई

गांवों में नुक्कड़ सभा भी आयोजित की और लोगों को प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा अपने अब तक के कार्यकाल में गांव, गरीब, किसानो, महिलाओं, कर्मचारियों, युवाओं, विद्यार्थियों सहित अन्य वर्गो व समुदायों के लिए किए गए कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत के सदस्य एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी द्वारा गत 1 सितम्बर से जिले के विधानसभा पंडरिया क्षेत्र में मुख्यमंत्री संदेश एवं जन आशीर्वाद यात्रा निकाली जा रही है। जिसके तहत वे अभी तक दर्जनभर से अधिक ग्रामों की यात्रा कर चुके हैं। उनकी इस यात्रा को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है और लोग उन्हें हांथो हांथ लेकर अपना समिर्ान व आर्शिवाद दे रहे हैं। तीसरे दिन की यात्रा में मुख्य रूप से जोन प्रभारी हुकुम सिंह ठाकुर, सेक्टर प्रभारी बूथ प्रभारी होम लाल यादव, प्रभारी बूथ महेश वैष्णव, प्रभारी बूथ राम अवतर सेन, रामकृष्ण मड़ावी, युवा मितान अध्यक्ष जवाहिल साहू, हिमलेश निर्मलकर जिला अध्यक्ष धोबी समाज, दुकालहा साहू, गोरे, दशरथ साहू सरपंच, भीके साहू सरपंच, विजय पटेल बाली साहू लक्ष्मी साहू गिरधर गंधर्व खिलावैन साहू गौठान अध्यक्ष मुरली धुर्वे दिनेश साहू सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

12 लाख की लागत से तीन स्थानों पर बनेगा सामुदायिक भवन

महासमुंद। ग्राम पंचायत खैरा में 12 लाख रुपए की लागत से तीन सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सामाजिक पदाधिकारियों व नागरिकों की मौजूदगी में भूमिपूजन किया। इस दौरान संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भवन निर्माण होने से विभिन्न आयोजनों में सहुलियत हो सकेगी।आज शुक्रवार को ग्राम पंचायत खैरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे।

अध्यक्षता कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, जनपद सदस्य मौजूद रहे। भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

बेसिक पुलिसिंग पर हमेशा रहता है फोकस:शलभ सिन्हा

भिलाई, 4 सितम्बर। जिला पुलिस द्वारा नागरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर लगातार अच्छे और बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं। एसपी शलभ सिन्हा ने पुलिस विभाग में कसावट लाकर थानों की कार्यप्रणाली को जिस तरीके से चुस्त-दुरुस्त किया है उसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है। लोग जिले के एसपी की तारीफ कर रहे हैं। पिछले दिनों चर्चा के दौरान दुर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि बेसिक पुलिसिंग पर उनका हमेशा फोकस रहता है । महिला एवं बच्चों की सुरक्षा से लेकर लोगों की सुरक्षा पर हमेशा ध्यान रहता है । यातायात सुरक्षा के सवाल पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि यातायात सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है और सभी लोगों से अपील भी है कि हेलमेट पहनकर ही गाड़ी चलाएं और लापरवाही पूर्वक तेज गति से ज्यादा गाड़ी ना चलाएं । कार चलते समय

सीट बेल्ट अवश्य पहनना चाहिए । डायल 112 पर चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि डायल 112 चौबीसों घंटे जनता की सुरक्षा और लोगों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहती है । लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग लगातार होती रहती है । सट्टा, अवैध शराब बिक्री, चोरी का माल खरीदने वालों कबाड़ियों पर भी लगातार कार्रवाई जारी रहती है। बेहतर कानून व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा पर हमेशा फोकस रखते हैं जिसकी तारीफ जन मानस में होती हुई दिख रही है ।

तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत, महिला घायल

भिलाई, 4 सितम्बर। रायपुर-भिलाई एनएच 56 में बड़ा हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने महिला सहित दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसका इलाज जिला अस्पताल दुर्ग में चल रहा है। खुर्सीपार टीआई उमेंद कुमार टंडन ने बताया कि गंगा सागर यादव (38 साल) शर्मा आश्रम के पास जोन तीन खुर्सीपार में रहता था। वह रात में गार्ड और दिन में कबाड़ बिनने का काम करता था। एक बजे के करीब पॉवर हाउस चौक दुर्गा धर्म कांटा के पास वह सड़क पार कर रहा था इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर आया और दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया गंगा सागर ट्रेलर के नीचे आ गया। दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं घायल महिला की हालत गंभीर होने से उसे दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जाता है कि मृतक गंगा सागर के दो लड़के मुकेश, राकेश और दो लड़कियां मनीषा और उर्मिला हैं पत्नी सोनी देवी हाउस वाइफ है। पिता की मौत के बाद से चारों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

लाखों रुपए पार कर एटीएम को जला भागने वालों को पकड़ने 5 टीमें तैयार

भिलाई, 4 सितम्बर। दुर्ग-भिलाई के तीन एसबीआई एटीएम को निशाना बनाकर लाखों रुपए कैश पार करने के बाद एटीएम को जलाकर भागने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने पांच टीमें तैयार की हैं। एक टीम दिल्ली, दो टीमें महाराष्ट्र व दो अन्य टीमें लोकल स्तर पर तहकीकात कर रही है। गौरतलब हो कि हुडको वार्ड 70 में शनिवार रात प्रोफेशन गिरोह ने मिलन चौक स्थित एटीएम फिर वहां से 200 मीटर दूर दशहरा मैदान ग्राउंड स्थित एसबीआई एटीएम में दो से ढ़ाई बजे के बीच और उसके बाद बोरसी कालोनी रेलवे क्रॉसिंग के पास एक्सटेंशन मार्केट में स्थित एसबीआई के एटीएम को गैस कटर से काटकर सारा कैश निकालने के बाद एटीएम को जला दिया। इसके बाद वहां से आरोपी भागने में सफल रहे। इधर पुलिस

को सूचना मिलते पर पहले घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया फुटेज में आरोपियों का हुलिया व बैलेनो कार दिखाई दी। इसके बाद पुलिस ने जिस रुट में आरोपी भागे हैं उसके लोकेशन के आधार पर टीमें तैयार कर भेजा है। टीमें दिल्ली और महाराष्ट्र में पहुंच गई हैं वहां पर डेरा डाल कर उनको ढूंढ़ना शुरु कर दिया है। शहर एएसपी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई है जल्द ही इस मामले में सफलता मिल जाएगी।

हमने हिंदी के ज्यादा प्रयोग का सतत प्रयास किया:सुशील

भिलाई, 4 सितम्बर। भिलाई इस्पात संयंत्र के एम.आर.डी. विभाग के सभागार में विभाग प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक दीनामणि नायक, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे, वरिष्ठ प्रबंधक लव कुमार तथा अन्य अधिकारियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुशील कुमार ने कहा कि हिंदी हमारे देश की प्रमुख भाषा है, यह आम जनमानस की भाषा है व हृदय को छूती है। हमने राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हेतु सतत् प्रयास किया है, हमारा विभाग एम.आर.डी. शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी में करने हेतु प्रतिबद्ध है। महाप्रबंधक श्री दीनामणि नायक ने कहा कि मैंने भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा में आने के बाद ही हिंदी बोलना तथा लिखना सीखा। मुझे गैर हिंदी भाषी होने के बावजूद हिंदी में पत्राचार एवं अन्य कार्यालयीन कार्य करना बहुत ही अच्छा लगता है7 अपने सहकर्मियों से हिंदी में संवाद करने से अपनेपन की अनुभूति होने के साथ ही साथ कार्यों को समझने व करने में भी सुविधा होती है। जूनियर ऑफिसर एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी कुलदीप सिंह तोमर ने बताया कि विभाग में अधिकाधिक कार्य हिंदी में किया जा रहा है। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया7 इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एस.के. खोब्रागड़े, चार्जमेन, द्वितीय स्थान मनीष श्रीवास्तव, ओसीटी, तृतीय स्थान कुलदीप सिंह तोमर, जूनियर ऑफिसर, प्रोत्साहन पुरस्कार अवनीश दुबे, सहायक महाप्रबंधक, बी. ईश्वर राव, प्रबंधक एवं प्रशांत यादव, प्रबंधक ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में चार्जमेन कमलेश कुमार राजपूत ने हिंदी में किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों की रोचक प्रस्तुति देकर अपने विचार व्यक्त किए। सहायक प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी आभार प्रदर्शन सहायक महाप्रबंधक (एम.आर.डी.) अवनीश दुबे ने किया। संचालन जूनियर ऑफिसर एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी कुलदीप सिंह तोमर ने किया।

गुरुडीह के ग्रामीणों ने विधायक प्रत्याशी तुषार साहू से बिजली पोल नजदीक लगाने की मांग की

महासमुंद,4 सितंबर। विधानसभा विधायक प्रत्याशी अशवन्त तुषार साहू लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनसंपर्क अभियान के माध्यम से जन-जन पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुन निराकरण भी करा रहा है आज जनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुरुडीह मे जनसंपर्क कर लोगों का हालचाल जाना।

जनसंपर्क भेंट मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने अपने विभिन्न प्रकार की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया जिसमें गुरुडीह के ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती में लगे खम्बा की दुरी 350 मिटर से अधिक है तार गाली के रोड क्रास होने से ट्रेक्टर व बड़ी गाड़ियों को आने जाने में परेशानी होती है, खम्बा लगाने की मांग को लेकर कई बार बिजली आफिस के चक्कर काटने के बाद भी आज तक नहीं लग पाया है, तत्काल संबंधित अधिकारी इंजीनियर वर्मा को फोन कर नया खम्बा लगाने को कहानवीन राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया जिस पर तत्काल संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए

जोरातराई क्षेत्रवासियों ने गांवों मे बढ़ रही अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई की मांग की

राजनंदगांव। ग्राम पंचायत जोरा तराई (म) के ग्रामीण बड़ी संख्या में आज सोमानी थाना पहुंचकर गांव में बढ़ रहे अवैध शराब बिक्री करने वाले पर कार्यवाही हेतु सोमनी थाना पहुंचे।

ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सोमानी से मिलकर बताया कि ग्राम पंचायत जोरातराई के अंतर्गत ग्राम जोरातराई (म) में निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री का कार्य किया जा रहा है जिसके संबंध में ग्राम पंचायत बैठक दिनांक 31 जुलाई 2023 के प्रस्ताव क्रमांक 28 में निर्णय लिया गया है कि उक्त व्यक्तियों के प्रति सख्त कार्रवाई करते हुए छापा (पकड़ने) का कार्रवाही किए जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है ।ग्रामीणों ने बताया कि टीकुराम निषाद पिता सुखदेव निषाद, यशवंत साहू पिता अलखराम साहू, कुंती बाई पति लेखराम सेन एवं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा छोटे नर्सरी रसमडा मार्ग पर अवैध रूप से शराब बिक्री एवं सट्टा जुआ खेलवाने का कार्य किया जा रहा है ।अतःनिम्नांकित व्यक्तियों के यहां छापा मारकर कार्रवाई करने की मांग किया गया है। कार्यवाही नही होने पर क्षेत्रवासियों ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

इस मौके पर जनपद पंचायत सभापति मोहनीश धनकर, ग्राम पंचायत जोरातराई सरपंच संतोष कुमार साहू, ग्राम पंचायत बैगाटोला सरपंच योगेश्वर निर्मलकर, ग्राम पंचायत मगरलोटा सरपंच कनक रूपेंद्र दुबे, ग्राम पंचायत फुलझर सरपंच हिरदे राम साहू ,ग्राम पंचायत जोरातराई उपसरपंच राजेश धनकर ,मानसी धनकर, लता पाल, लीलाधर साहू, मुकेश्वर साहू, रम्हीन बाई साहू, राजेश धनकर, किरण ठाकुर, मनोहरी साहू, दुलारी बाई साहु ,गन्नू राम साहू, राकेश साहू ,हेमंत यदु, जानकी साहू, उत्तरा साहू, सावित्री साहू, कुमोदिनी कौशिक, कुमारी बघेल, सरोज साहू, मनोहरी साहू आरके साहू,महिला समूह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सड़क निर्माण एजेंसी के कर्मचारी की करंट लगने से मौत

भिलाई, 4 सितंबर। भिलाई सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी स्र्यष्ट के कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई सूचना मिलते ही अंडा पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के मुताबिक बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की निर्माण एजेंसी स्र्यष्ट दुर्ग में पुलगांव चौक से लेकर अंडा तक सड़क का निर्माण कर रही है इसी एजेंसी में मृतक दीपक पाटिल पिता रमेश पाटिल (22 वर्ष) निवासी ग्राम भुइयाभाटा बेमेतरा काम करता था दीपक अंडा में दीपक जोशी के यहां किराय से मकान लेकर रहता था। उसके साथ स्र्यष्ट में काम करने वाले दो तीन लड़के और

रहते थे जिस घर में दीपक किराय से रहता था उसी के बाहर उसका शव पाया गया सोमवार सुबह शव को देख मकान मालिक ने अंडा पुलिस को सूचना दी थी पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है अंडा पुलिस इसे करंट की चपेट में आने की दुर्घटना बता रही है रात में पेशाब के लिए उठा, लेकिन लौटा नहीं दीपक के दोस्तों ने पुलिस को बताया कि रविवार देर रात वो पेशाब करने के लिए कमरे का दरवाजा खोलकर बाहर निकला था उस दौरान वो लोग भी नींद में थे इसके चलते उन्होंने ध्यान ही नहीं दिया कि दीपक अंदर आया कि नहीं सुबह तड़के 5 बजे उसे खंभे की तार के ऊपर गिरा पाया गया बिजली विभाग की लापरवाही आ रही सामने इस दुर्घटना के लिए बिजली विभाग को पूरी तरह से दोषी बताया जा रहा है लोगों का कहना है कि रात में बारिश और तेज हवा से बिजली के खंभे से तार टूटकर नीचे गिर गई थी वह तार दीपक के मकान के ठीक सामने गिरी थी नींद में जब दीपक पेशाब करने बाहर गया तो वो करंट की चपेट में आ गया और वहीं उसकी मौत हो गई यदि बिजली विभाग ध्यान देता और लाइट को काट देता तो ये हादसा नहीं होता।

कॉलेज में लोगों को नेत्रदान के लिए किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नवापारा - राजिम। राष्ट्रीय सेवा योजना,युथ रेडक्रॉस , सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में नेत्रदान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. एस.पी. देवांगन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकचौरी, डॉ. आर.के. रजक

कार्यक्रम अधिकारी,अंग्रेजी के सहा. प्राध्यापक विशाल शुक्ला, वरिष्ठ स्वयंसेवक अविनाश शर्मा, ठाकुर राम साहू, अभिजीत श्रीवास, काजल साहू, तारणी साहू, शेषनारायण साहू एवं दीपक साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। डॉ. एस.पी. देवांगन ने 122 विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि वे अपने गांवों, घरों एवं शहरों को जागरूक करें, अपने जीवन में जीते जी रक्तदान व मृत्यु उपरांत नेत्रदान अवश्य करें। यह एक पुण्य का काम है, जीवन का कोई भरोसा नहीं, कब समाप्त हो जाए? मोबाइल, कम्प्यूटर, टीवी का लगातार उपयोग न करें इससे नेत्र रोग की आशंका होती है। आगे उन्होंने बताया कि परिवार की सहमति से दाहसंस्कार के पहले 4 से 6 घण्टे के बीच नेत्र को सुरक्षित नेत्र बैंक में जमा कराएं। इसके लिए समय का विशेषध्यान रखें। अंधत्व दूर करने में इस अभियान में अपना अमूल्य योगदान दें। स्वयं संकल्प करें और परिवारजनों को भी जागरूक करें। प्रदेश में प्रतिवर्ष 15 हजार लोग नेत्रहीन हो रहे है। लेकिन नेत्रदान करने वालों की संख्या मात्र लगभग 400 के आसपास है। वहीं इस कार्यक्रम में डॉ. आरके रजक ने बताया कि बच्चों को टीकाकरण के समय विटामिन ए का घोल, हरी सब्जी, गाजर पपीता, अण्डा, दूध, मछली का सेवन जरूर कराएं। आंख की रोशनी को तेज रखता है हमे श्रीलंका में रहने वाले लोगों से प्रेरणा लें कि वहां प्रत्येक व्यक्ति नेत्रदान के लिए बढ़-चढ़कर आगे आते है। हम आखें सही समय पर दान करें तो 2 से 3 पीढ़ी उपयोग कर सकती है। मानव का एक मात्र अंग नेत्र ही है। जो दूसरों के अंधकार से भरी जिन्दगी को रोशन कर सकता है। अविनाश शर्मा ने कहा कि हम सभी अपने गांवों तथा शहरों में जाकर लोगों-को नेत्रदान महादान करने के लिए जागरूक करेंगे और उन्हें सलाह देंगे कि आंखों की समस्या हो तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर इलाज कराएं। नेत्रदान मौत के बाद भी किया जाता है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में लक्की यादव, अभिषेक साहू, दिनेश यादव, समीर, पुनम कुमार, गीतांजलि, दीक्षा यादव, चंचल साहू, रोशनी गिलहरे, कुमुदिनी साहू, छाया साहू, रीमा, सरिता साहू एवं प्रेम सहित 122 नये स्वयंसेवको ने एक - दूसरे का अति उत्साह से परिचय दिया।

प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर 4 शिक्षकों को स्मृति पुरस्कार

■ 52 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान से होंगे सम्मानित

रायपुर, 4 सितंबर। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में 05 सितंबर 2023 को प्रातः 10 बजे से राजभवन के दरबार हॉल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे और अति विशिष्ट अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे और विशिष्ट अतिथि संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव होंगे।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 52 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 48 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान और 4 शिक्षकों को प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 48 शिक्षकों में से प्रत्येक को 21-21 हजार रूपाए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के महान विभूतियों की स्मृति में दिए जाने वाले पुरस्कार से सम्मानित होने वाले प्रत्येक शिक्षक को 50-50 हजार रूपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के 04 महान साहित्यिक विभूतियों के नाम पर 04 शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान से नवाजा जाएगा। इनमें रायपुर जिले की प्रधान पाठक सु ममता अहार को ''डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्मृति पुरस्कार'', कोण्डागांव जिले की प्रधान अध्यापक मती मधु तिवारी को ''डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार'', रायगढ़ जिले की व्याख्याता मती रश्मि वर्मा को ''डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार'' और खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले की शिक्षक एलबी मती इन्दिरा चन्द्रवंशी को '' गजानन्द माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार'' प्रदान किया जाएगा। राज्य शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2022 से सम्मानित होने वाले 48 शिक्षकों में से कांकेर जिले के शिक्षक एल.बी. कृष्णपाल राणा और शिक्षक एल.बी. मती रूखमणी साहू, नारायणपुर जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. देवेन्द्र कुमार देवांगन और प्रधान पाठक मती ब्रजेश्वरी रावटे, जगदलपुर जिले के शिक्षक महेश कुमार सेठिया और व्याख्याता रमेश कुमार उपाध्याय, दंतेवाड़ा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. खेमलाल सिन्हा और उच्च श्रेणी शिक्षक मती उषा भूआर्य, बालोद जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. श्रवण कुमार यादव और सहायक शिक्षक एल.बी. मती पुष्पलता साहू, राजनांदगांव जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. तुलेश्वर कुमार सेन और शिक्षक एल.बी. पारूल चतुर्वेदी, दुर्ग जिले के प्रधान पाठक यशवंत कुमार पटेल और शिक्षक एल.बी. सु के. शारदा, कबीरधाम जिले की शिक्षक मती यक्ष चंद्राकर और प्रधान पाठक शिव कुमार बंजारे, बेमेतरा जिले की शिक्षक एल.बी. मती ज्योति बनाफर और व्याख्याता एल.बी. मती सुषमा शुक्ला शर्मा, महासमुंद जिले के व्याख्याता एल.बी. अनिल कुमार प्रधान और सहायक शिक्षक एल.बी. डोलामणी साहू, गरियाबंद जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. संतोष कुमार तारक और सहायक शिक्षक एल.बी. मती लताबेला मोंगेरे के नाम शामिल है। इसी प्रकार वर्ष 2022 राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए रायपुर जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. उत्तम कुमार देवांगन और सहायक शिक्षक एल.बी. डॉ. मती गोपा शर्मा, धमतरी जिले के व्याख्याता एल.बी. राजूराम साहू और सहायक शिक्षक एल.बी. दीनबुधु सिन्हा, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. विनोद कुमार डड़सेना और प्रधान पाठक मती आशा साहू, जांजगीर चांपा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. राजेश कुमार सूर्यवंशी और व्याख्याता एल.बी. अनुराग तिवारी, रायगढ़ जिले के व्याख्याता एल.बी. भोजराम पटेल और सहायक शिक्षक एल.बी. संतोष कुमार पटेल, बिलासपुर जिले के व्याख्याता एल.बी. सुशील कुमार पटेल और सहायक शिक्षक एल.बी. रामधन पटेल, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले की सहायक शिक्षक एल.बी. मती अदिति शर्मा और सहायक शिक्षक एल.बी. भीष्म प्रसाद त्रिपाठी, कोरबा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. गोकुल प्रसाद मार्बल और शिक्षक मुकुन्द केशव उपाध्याय, जिला सक्ती के सहायक शिक्षक एल.बी. पुष्पेन्द्र कुमार कौशिक और सहायक शिक्षक एल.बी. मती मीरा देवांगन, कोरिया जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. रूद्र प्रताप सिंह राणा और व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनोद पाण्डेय, सूरजपुर जिले की व्याख्याता मती निशा सिंह और सहायक शिक्षक एल.बी. दिनेश कुमार साहू, सरगुजा जिले की व्याख्याता मती अनामिका चक्रवर्ती और व्याख्याता एल.बी. अंचल कुमार सिन्हा, बलरामपुर जिले के व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य बाबूलाल लहरे और सहायक शिक्षक एल.बी. रमेश कुमार साकेत का नाम शामिल है।

एक नजर

कांग्रेसी नेता दुर्गेश रॉय का बढ़ा कद, दीपक बैज का लेंगे स्थान

सुकमा 4 सितंबर। कांग्रेसी नेता दुर्गेश रॉय का बड़ा कद, दीपक बैज का लेंगे स्थान। 6 विधानसभा के लिए लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के चैयरमेन ने दुर्गेश रॉय को दी जिम्मेदारी, कोंटा सहित 6 विधानसभा का मिला दायित्त्व, सांसद दीपक बैज के पीसीसी अध्यक्ष बनने के बाद पद था रिक्त।

टेकू राम साहू को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

राजनांदगांव 4 सितंबर। समीपस्थल राजाराम कारखाना में श्रमिक टेकू राम साहू के सेवानिवृत्त होने पर योगेन्द्र दास वैष्णव अध्यक्ष राष्ट्रीय ग्लुकोज़ स्टार्च केमिकल मजदूर संघ ने घर तक पहुंचाया टेकू राम साहू ग्लुकोज़ विभाग मे 37 वर्ष कार्य किया मिलनसार व्यक्ति धनी थे वैष्णव ने दीर्घायु मंगलमय कामना किया और श्रमिक संगवारी ने तिलक लगाकर एवं श्रीफल शाल अन्य सामग्री भेंट कर विदाई दी साथ में इंचार्ज जगदीश डाबी तेज राम पटेल सुरक्षा अधिकारी बिसन सिंह लेख राम साहू योगेश साहू विकास साहू धनेश्वर साहू मेघनाथ साहू पालक यादव खेमलाल निषाद रूपचन्द साहु गुहा राम शिवकुमार तिलक निषाद पुनीत पटेल नेमचंद्र साहू मानू साहु लिखन देवांगन तामु यादव जगतू राम महेंद्र चंद्राकर बिसराम गोपाल साहु तुका काका सहित श्रमिकों ने सह सम्मान विदाई किया।

श्री गणेश विनायक फाउंडेशन ने 30 असाधारण शिक्षकों को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित किया

रायपुर 4 सितंबर। प्रतिष्ठित कार्यक्रम 30 शिक्षकों के उल्लेखनीय योगदान को पहचानने और जश्न मनाने के लिए समर्पित है जिन्होंने हमारे देश के भविष्य को आकार देने में अद्वितीय समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन किया है। यह कार्यक्रम आज डॉ. विनय जयसवाल, विधायक चिरमारी, डॉ. जवाहर सुरसेटी, प्रख्यात शिक्षाविद्, डॉ. अनिल गुप्ता, अध्यक्ष श्री गणेश विनायक फाउंडेशन, डॉ. चारुदत्त कलमकर, सचिव, श्री गणेश विनायक फाउंडेशन और डॉ. अमृता मुखर्जी, निदेशक श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल की उपस्थिति में हुआ। श्री गणेश विनायक फाउंडेशन युवा दिमागों को पोषित करने और उन्हें जिम्मेदार नागरिकों के रूप में ढालने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। पूरे क्षेत्र के विविध शैक्षणिक संस्थानों से आए इन 30 शिक्षकों ने अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करने में असाधारण प्रतिबद्धता और रचनात्मकता दिखाया है।

जे के फाउंडेशन ने पुलिस अधीक्षकों को राखी बांधी

रायपुर 4 सितंबर। रक्षाबंधन के अवसर पर जे के फाउंडेशन के पधाधिकारीगण अध्यक्ष जया रेड्डी जी,रायपुर कोडिनेटर विजया लक्ष्मी जी, छत्तीसगढ सह कोडिनीटर अभिलाषा राठौर जी, रायपुर सह कोडिनेटर्र रम्भा साहू और जे के फाउन्डेशन के सभी सदस्यगण रक्षा सूत्र के पावन पर्व पर रायपुर के गुडियाहरी थाने में सभी पुलिस अधीक्षक को राखी बांधी और पुलिस बंधुओं से रक्षा का वचन लिया। रायपुर कोडिनेटर विजया लक्ष्मी जी ने बताया जे के फाउंडेशन के द्वारा गरीबों को कम्बल , साड़ी , वृद्धाश्रम में भोजन कराना गरीब बच्चो कॉपी पेन बुक्स प्रोवाइड करना ऐसे वर्क फाउन्डेशन के द्वारा किया जाता रहा और आज जनता के रक्षक पुलिस बंधुओं को राखी बांधा।इसके लिए मैं अध्यक्ष जया रेड्डी बधाई देती हू स्टेट कोडिनिटर अभिलाषा राठौर ने बताया हमारा फाउन्डेशन में गरीब बच्चियों और महिलाओं को ब्यूटीशियन के साथ सिलाई कढ़ाई का भी काम फ्री में किया जाता है और इस राखी में पुलिस भाईयो से हम अपनी बहनों और हमारी रक्षा के मांग करते है करिकर्म के रायपुर सह कोडिनेटर रम्भा साहू, उमा, पी राजेश्वरी, पी लक्ष्मी उपस्थित थे।

आदिवासी की जमीन हड़पने वाले लोगों को विधायक का संरक्षण

■ मामला आदिवासी की जमीन को गैर आदिवासी के नाम पर रजिस्ट्री करने का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 4 सितंबर। भारत के संविधान में (अनुसूचित क्षेत्रों) के लिए पांचवी अनुसूची के जरिये आदिवासी क्षेत्रों में एक ऐसी व्यवस्था बनाने की पहल की गई, जिनसे आदिवासी/आदिम जनजाति समुदायों के साथ होते रहे अन्याय और उपेक्षा को खत्म किया जा सके और उनकी अस्मिता की सुरक्षा के साथ वे अपनी व्यवस्थाएं भी बरकरार रख सकें भारतीय संविधान ने जनजातीय लोगों को विशेष दर्जा देने के लिए बहुत से प्रावधान अपनाया तथा सांसद और विधानसभाओं में सीट आरक्षित किया गया है,आदिवासियों के आवाज को बुलंद करने विभिन्न रक्षात्मक कानून बनाकर उनके हितों को सुरक्षित रखने प्रयास किया गया है, नियमों के मुताबिक अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासी की जमीन गैर आदिवासी के नाम पर रजिस्ट्री नहीं हो सकता, इसके बाद भी अधिकारी की मिली भगत एवं राजनैतिक संरक्षण में आदिवासी की जमीन को गैर आदिवासी के नाम पर रजिस्ट्री कर दिया गया है

इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा की छत्तीसगढ़ के सिहावा विधानसभा सीट क्रमांक 56 जो आदिवासियों के लिए सुरक्षित है इस सीट से आदिवासी समाज के ही लोग प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं, इसके बावजूद आदिवासी समाज की विधवा महिला न्याय के लिए दर-दर भटक रही है लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा है, बल्कि पीड़िता आदिवासी महिला को इन दबंगो ने अपने वकील के माध्यम से कानूनी नोटिस भेज कर डराने कार्रवाई करने की चेतावनी देकर डराया जा रहा है। आपको बता दें कि आदिवासी की 9 एकड़ जमीन को एक दबंग साहू परिवार ने बलपूर्वक हड़प कर तीन लोगों के नाम पर रजिस्ट्री करवा लिया है, इतना ही नहीं इन लोगों ने फर्जी रजिस्ट्री कराने के बाद मलिक मकबूजा के तहत सैकड़ो पेड़ कटवाकर लगभग 30 लाख रुपये की मुआवजा वन विभाग से प्राप्त कर लिया है, इस मामले में वर्तमान में कांग्रेस की विधायक लक्ष्मी ध्रुव अपने पद का दुरुपयोग कर आदिवासी समाज की विधवा महिला को इंसाफ दिलाने की बजाय उसकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

नियमित किये गए दैनिक वेतनभोगी की सम्पूर्ण सेवाअवधि की पेंशन की गणना हो: वीरेंद्र नामदेव

रायपुर 4 सितंबर। छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक वीरेंद्र नामदेव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य सचिव अमिताभ जैन को ट्वीटर द्वारा और सुश्री नम्रता गांधी आईएएस, पेंशन संचालक और पी एस ध्रुव आईएएस, सदस्य सचिव पेंशन निराकरण समिति को अलग अलग पत्र भेजकर दैनिक वेतन भोगी से नियमित और कार्यभारित पदों पर नियमित किये सेवानिवृत कर्मचारियों की दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्य किये गए अवधी को पेंशन निर्धारण के लिए गणना करने की मांग की है. जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित एवं कार्यभारित पदों पर नियमित नियुक्ति दी गई है। परंतु सेवानिवृत होने पर पेंशन गणना में उनके द्वारा दैनिक वेतन भोगी के रूप में की गई सेवा अवधि का पेंशन के लिए गणना नहीं की जा रही है. जिसके कारण 33 वर्ष से अधिक समय तक सेवा करने के बाद भी पूर्ण पेंशन प्राप्त करने से वंचित हो रहे और न्यूनतम पेंशन पेंशन से परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है. जारी विज्ञप्ति में पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक वीरेंद्र नामदेव, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दैनिक वेतन प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख बी एस दसमेर, पेंशनर्स महासंघ के महामन्त्री अनिल गोल्हानी, प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के महामन्त्री अनिल पाठक, राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामन्त्री ए के चेलक,आर जी बोहरे,नागेंद्र सिंह, नैन सिंह आदि ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में की गई सम्पूर्ण सेवा को प्रारम्भिक नियुक्ति दिनांक से सेवानिवृति अवधि अथवा मृत्यु दिनांक तक पेंशन गणना हेतु मान्य कर पात्रता प्रदान करने सम्बन्धी आदेश प्रदान करने की मांग की है और जीवन के अंतिम चरण में वृद्धाअवस्था में सम्मान जनक पेंशन के साथ जीवन निर्वाह कर सके।

3 किलो गांजा,18 हजार नगद सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़/राजनांदगांव 4 सितंबर। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू के द्वारा नशे के कारोबारियों पर लगाम कसने के चलाये जा रहे अभियान के तहत 03 सितम्बर 2033 को मुखबीर की सूचना मिला कि पुराना बस स्टैण्ड खालसा होटल के पास राजनांदगांव के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा रखा है, और बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है, कि सूचना पर मौके पर तत्काल स्टॉफ भेजकर रेड कार्यवाही किया जिसमें आरोपी कृष्णा कुमार सिंह पिता स्व0 कुंज बिहारी सिंह उम्र 36 वर्ष साकिन अटल आवास पेण्ड्री थाना लालबाग जिला राजनांदगांव (छ0ग0) की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद रंग के गुलाबी हरे रंग की झोले में रखे अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा 3.000 किलो ग्राम किमती 18.000 रूपये बरामद हुआ, आरोपी के पास मादक पदार्थ गांजा रखने के संबंध में कोई वैध कागजात रखना नहीं पाये जाने से मौके पर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 20-बी एन0डी0पी 0एस0 एक्ट के तहत सबूत पाये जाने पर अपराध क्रमांक 864/2023 धारा 20-बी एन0डी0पी0एस0 एक्ट कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्र0आर0 प्र0आर0 संदीप चैहान, मिलन साहू, आर0 रूपेन्द्र वर्मा, राम खिलावन सिन्हा प्रदीप जायसवाल रंजीत चौरसिया एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

सुरगी में दो लोगों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

राजनांदगांव 4 सितंबर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीणा के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान अवैध शराब बिक्री/शराब पीने/पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों के ऊपर एवं गुंडा बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही हेतु चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुरगी में दिनांक 30.08.2023 को आरोपी रोहित कुमार साहू पिता स्व. नरेंद्र कुमार साहू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सुरगी के विरुद्ध धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई थी जो आज दिनांक 03.09. 2023 को आरोपी रोहित कुमार साहू अपने साथी गुंडा बदमाश हीरालाल ढीमर पिता स्व. मिलउ राम ढीमर उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम सुरगी पुलिस चौकी सुरगी जिला राजनांदगांव के साथ मिलकर प्रकरण के गवाहों को तुम लोग पुलिस को मुखबीरी किए हो कहकर वाद विवाद लड़ाई झगड़ा कर रहे थे सूचना मिलने पर मौके पर बल रवाना किया गया, जो दोनों आरोपी समझाइस देने के बाद भी नहीं माने और चिल्ला चोट कर मरने मारने पर उतारू हो गए मौके पर गिरफ्तारी के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं होने पर दोनों आरोपियों को धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर माननीय एसडीएम न्यायालय राज. में पेश किया गया उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक हेमंत कुमार बोरकर एवं पुलिस चौकी सुरगी स्टाफ की भूमिका सराहनीय रहा।

दैनिक वेतनभोगियों का जिला स्तरीय बैठक राजनांदगांव में संपन्न

छूरिया राजनांदगांव 4 सितंबर। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय बैठक राजनांदगांव के मोहारा मेला स्थल पर संपन्न हुआ। बैठक में छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष श्री हारुन मानिकपुरी जी के सानिध्य में शुरू हुआ यह बैठक राजनांदगांव जिले अलग होकर खैरागढ़ -छुईखदान-गंडई नया जिला बनने के बाद खैरागढ़ वन मंडल से अलग होकर डोंगरगढ़ सब डिवीजन अब राजनांदगांव वन मंडल में शामिल होने के बाद जिला स्तरीय पहली बैठक रहा सबसे पहले बारी बारी से सबका परिचय लिया गया उसके बाद उपस्थित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों से विचार , सुझाव पुछा गया कि संघ में किया सुधार किया जा सकता है सभी ने बारी बारी से अपना अमूल्य सुझाव दिया एवं सब मिलकर एकजुट होकर नियमितीकरण पाने के संकल्पित भाव से आने वाले समय में और मजबूत होकर संघर्ष करने की बात कही एवं बैठक में उपस्थित दैनिक वेतन भोगियों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की सरकार में नियमितीकरण नहीं करने पर नाराजगी भी जताई एवं नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।जिला उपाध्यक्ष गण बसंत प्रजापति, जनक चौधरी, चेमन साहू,शिवराम टेम्बुरकर, परिक्षेत्र गण बिष्णु यादव खुज्जी, एवन पडोटी बागनदी, प्रमोद सोनी राजनांदगांव का चयन सर्व सम्मति से तय किया गया है। बैठक में सब डिवीजन डोंगरगढ़, एवं सब डिवीजन राजनांदगांव से भारी संख्या में दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

शेड निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

■ वार्ड क्र.40 अंतर्गत भगवान जगन्नाथ रथ के लिए मंगल बाजार के पास हुआ शेड निर्माण का भूमि पूजन

■ वार्ड क्र.25 अंतर्गत काली माता मंदिर एवं खल्लारी माता मंदिर के पास श्रद्धालुओं को धूप व बारिश से बचाने हुआ शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन

रायपुर 4 सितंबर। संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय आचार संहिता के पूर्व पश्चिम विधानसभा में स्वीकृत सभी कार्यों को पूर्ण कराने के साथ-साथ आम नागरिकों के अतिआवश्यक मांगों को जिसमें लोगों की श्रद्धा एवं आस्था का ध्यान रखकर उनकी मांगों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने लगातार प्रयासरत् हैं। इसी कड़ी में उन्होंने कल ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्र.40 तो आज संत रामदास वार्ड क्र.25 अंतर्गत शेड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन आम नागरिकों के हाथो करवाया। विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि यह शेड निर्माण कार्य आमजनों के श्रद्धाभक्ति एवं आस्था के अनुरूप शीघ्र स्वीकृत कराया गया और जनआस्था के परिणाम स्वरूप यह शेड निर्माण जल्द ही पूर्ण होगा।

विधायक विकास उपाध्याय कल ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्र.40 में आमापारा निगम कॉलोनी, मंगल मार्केट के पीछे में भगवान जगन्नाथ रथ के सुरक्षा हेतु शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन वार्डवासियों के द्वारा करवाये तथा आज संत रामदास वार्ड क्र.25 अंतर्गत दो स्थानों में से प्रथम स्थान काली माता मंदिर के सामने शेड निर्माण एवं द्वितीय स्थान खल्लारी माता मंदिर के सामने श्रद्धालुओं को धूप व बारिश से बचाने शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन वार्डवासियों द्वारा करवाया गया। उक्त भूमि पूजन के दौरान विकास उपाध्याय के साथ वार्ड क्र.40 से कार्तिक नेताम, कुन्दन डोंगरे, पुरनलाल सेन्द्रे, दिवेन्द्र शेन्द्रे, ऋषभ नेताम, राजेन्द्र भारती, मोहम्मद जाफर खोखर, देवेन्द्र नेताम, गिरिश शेन्द्रे, अमन बघेल एवं वार्ड क्र.24 व 25 से पार्षद मनीराम साहू, तरूण श्रीवास, पूर्व पार्षद खेम लाल साहू, दानी राम साहू, होरी राम साहू, पंचू साहू, राकेश साहू सहित वार्ड के वरिष्ठजन एवं काफी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

अवैध शराब बिक्री,शराब पिलाने की सुविधा प्रदान करने वालो पर लालबाग पुलिस की कार्रवाई



राजनांदगांव 4 सितंबर। अवैध शराब बिक्री/ परिवहन एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने एवं पीलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले लोंगों पर लालबाग पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है कार्यवाही । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीना के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले के मार्गदर्शन पर नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के पर्यवेक्षण में लालबाग थाना क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय/परिवहन पर कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष भुआर्य के नेतृत्व में लालबाग पुलिस के द्वारा दिनांक 03/09/2023 को मुखबिर सूचना पर ग्राम पेंड्री मोड़ में आरोपी शंकर साहू पिता श्री कमलेश साहू उम्र 19 साल साकिन ग्राम पेंड्री थाना लालबाग को अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु कब्जे में रखना पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से 21 पौवा देशी प्लेनशराब कीमती 1680/रुपये एवम बिक्री रकम 110/रुपये जप्त किया गया आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री/कब्जे में पाए जाने पर आरोपी के विरूध्द थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 349/23, धारा 34 (1) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया।

इसी प्रकार ग्राम रेवाडीह में आरोपी जितेंद्र सिंह राजपूत पिता डोमन सिंह उम्र 38 साल निवासी गोकुल नगर बसंतपुर द्वारा लोगों को शराब पीने की सुविधा प्रदान करते पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 350/23 धारा 36 सी आबकारी एक्ट के पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया उक्त कार्यवाही में प्र0आर0 1470 किशोर यादव म0 प्र0 आर0 503विनीता पैकरा आर0 1415 भूपेंद्र वर्मा की भूमिका सराहनीय रहा ।

हिंसा न करना ही अहिंसा है : आचार्य विद्यासागर महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 4 सितंबर। संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ चंद्रगिरि डोंगरगढ़ में विराजमान है । आज के प्रवचन में आचार्य श्री ने बताया कि बड़े ङ्क बड़े नगर, गाँव से बहुत दूर ङ्क दूर से आप लोग दर्शन के लिये अच्छे श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ आ रहे हैं । शब्द के बिना अपने भावों कि अभिव्यक्ति नहीं किया जा सकता है । अहिंसा क्या है ? अ + हिंसा = अहिंसा अर्थात हिंसा से दूर रहो । अहिंसा का पालन करो । हिंसा का जहाँ अभाव हो गया है वही अहिंसा है । मंदिर में श्री जी का दर्शन कर शांति से बैठे है । स्तुति, वंदना आदि कर लेते हैं और यदि स्तुति आदि नहीं भी करते हैं और शांति से बैठे है और किसी का प्रतिकार नहीं करते हैं तो आपको भी उतना ही लाभ मिलेगा जितना स्तुति करने वाले को मिलता है । यह सब कुछ साधु श्रावकों को समझा रहे थे । अपनी ङ्क अपनी क्षमता के अनुसार सबको समझ आ गया । वही पास में एक सर्प बैठा था उसने सब सुना तो उसको लगा कि धर्म इतना सरल और सहज है तो वह महाराज के पास गया और डंडवत प्रणाम किया डंडवत समझते हो डंडे कि तरह सीधा लेटकर साष्टांग नमस्कार किया । महाराज ने कहा तुम भी नियम संयम ले लो तुम भी मनुष्य जैसा धर्म पालन कर सकते हो । आज से किसी को भी डसना नहीं काटना नहीं क्योंकि काटने से भी बहुत बड़ी हिंसा होती है इसलिए श्रावक लोग भी साग, सब्जी, फल आदि को बनाने के पहले सुधारते है काटते नहीं है । धर्म को इतना सरल जानकर सर्प ने नियम ले लिया कि आज से किसी को काटूँगा नहीं वह फणधारी सर्प था । नियम लेने के बाद वह किसी को भी काटता नहीं था कोई कुछ भी करे सब को क्षमा ङ्क क्षमा ङ्क क्षमा कर देता था । अब तो बच्चे भी उसकी मूछ और पूंछ पकड़कर उसके साथ खेलने लगे । कोई भी आते जाते उसको छेड़ने लगा । फिर वह महाराज के पास गया और उनको बताया कि उसके साथ ऐसा दुर्व्यवहार किया जा रहा है तो महाराज ने कहा कि हमने आपको नहीं काटने का नियम दिया था परन्तु आप अपनी रक्षा के लिये फूस ङ्क फूस फुंकार मार सकते हो । सर्प ने कहा कि महाराज आप तो सब पर उपकार करते हो आपने मुझपर भी बहुत बड़ा उपकार किया है । सर्प जब बाज़ार कि ओर जाता है तो उसकी फूस ङ्क फूस फुंकार को देखकर सेठ ङ्क साहूकार, बच्चे आदि भयभीत हो जाते हैं और उससे दूर हो जाते हैं । हमें भी अपने व्यवहार में सरलता और सहजता रखना चाहिये न ही क्रोधित होकर दुर्व्यवहार करना चाहिये । क्रोधी व्यक्ति और दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति से लोग दूरी बना लेते हैं । यह कथा हमने दूसरी कक्षा में पढ़ी थी आपको भी इससे सीख लेना चाहिये और अपने व्यवहार को अच्छा बनाने का प्रयास करना चाहिये।आज आचार्य श्री विद्यासागर महाराज को नवधा भक्ति पूर्वक आहार कराने का सौभाग्य ब्रह्मचारिणी धारिणी दीदी शिवपुरी मध्य प्रदेश निवासी परिवार को प्राप्त हुआ । जिसके लिये चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद बडजात्या, कोषाध्यक्ष श्री सुभाष चन्द जैन,निर्मल जैन (महामंत्री), चंद्रकांत जैन (मंत्री) ,मनोज जैन (ट्रस्टी), सिंघई निखिल जैन (ट्रस्टी),सिंघई निशांत जैन (ट्रस्टी), प्रतिभास्थली के अध्यक्ष श्री प्रकाश जैन (पप्पू भैया), श्री सप्रेम जैन (संयुक्त मंत्री) ने बहुत बहुत बधाई और शुभकामनायें दी।

संपादकीय

तीसरी बैठक में भी कुछ खास नहीं

28 विपक्षी दलों की बैठक हुई। दो दिन आपस में बात की। बैठक के पहले तो बडी बड़ी उम्मीदें की जा रही थी। बैठक के बाद पता चला कि यह बैठक भी पटना व बेंगलुरू की बैठकों की तरङ बस विपक्षी दलों की एकजटुता दिखाने के लिए थी। बैठक का हासिल क्या है, चार समितियां। वह समितियां भी कैसी जिसमें प्रथम पंक्ति के नेता नहीं है। शरद पवार,हेमेन सोरने कुछ लोगों को छोड़ दिया जाए तो सारे नेता दूसरी पंक्ति के है। वह भी बैठक कर सकते हैं लेकिन फैसला कोई नहीं कर सकते। फैसले लिए उन्हें प्रथम पंक्ति के नेताओं का मुंह ताकना पड़ेगा। यह काम पहले व दूसरी बैठक में भी किया जा सकता था। तीसरी बैठक में तो संयोजक का फैसला होना था, सीटों के बंटवारे का फार्मूला क्या होगा, इस पर बात होनी थी। तीसरी बैठक में भी नेताओं की नाराजगी प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। पहली बैठक में केजरीवाल नाराज रहे तथा प्रेस कांफ्रेंस में शामिल नहीं हुए। दूसरी बैठक में नीतीश कुमार प्रेस कांफ्रेस में शामिल हुए बगैर पटना चले गए। तीसरी बैठक में ममता बैनर्जी प्रेस कांफ्रेस में शामिल नहीं हुई और चली गई। ममता बैनर्जी बैठक से चली गई थी और कई नेताओं को पता ही नहीं था कि ममता बैनर्जी बैठक से चली गई हैं। कायदे से मोर्चा के नेताओं को प्रेस कांफ्रेस के समाप्त होने तक सबको रुकना था लेकिन प्रेस कांफ्रेस में अपनी बात कहने के बाद नेता एक एक कर चले गए। राहुल गांधी जब प्रेस कांफ्रेस को संबोधिक कर रहे थे तो सभी दलों के नेता मंच पर ही नहीं थे। इससे विपक्षी दलों की एक दूसरे नेताओं के प्रति सम्मान का भाव नहीं दिखता है तथा एकजुटता पर भी सवाल उठता है। यह कैसी एकजुटता कि नेताओं को प्रेस कांफ्रेस के समाप्त होने तक ही नहीं रुके। सारे नेता प्रेस कांफ्रेस में यह दिखाने की कोशिश करते रहे कि हम सब एकजुट हैं और मोदी को हराने के लिए कुछ भी कर सकते हैं लेकिन आपसी समन्वय की कमी का एहसास होता रहा। राहुल गांधी जब अडानी के मुद्दे पर प्रेस कांफ्रेंस की तो उन्होंने इसे कांग्रेस का प्रेस कांफ्रेंस बना दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि दूसरे किसी नेता ने अडानी के मामले में कुछ कहा ही नही। इससे अडानी के मसले पर विपक्षी एकजुटता नहीं दिखी माना गया कि अडाना के मामले को लेकर विपक्ष के दल राहुल गांधी के रुख से सहमत नहीं थे। कई नेता चाहते थे कि अडानी के मामले को विपक्ष का मुद्दा न बनाया जाए। इसके बाद भी राहुल गांधी ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेस कर अडानी व पीएम मोदी पर हमला बोला। विपक्ष के नेता चाहते हैं कि अडानी के मुदद् को तूल न दिया जाए क्योंकि इससे राज्य व देश हित प्रभावित होते हैं। देश की अर्थव्वस्था हो या राज्य की उसके विकास के लिए देश के ज्यादातर राज्यों में अडानी का पैसा लगा हुआ है। इससे राज्य व देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। कुछ विदेशी ताकते अडानी के बहाने देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करना चाहती है। नुकसान पहुंचाना चाहती है। इस बात विपक्षी मोर्चा के कई दल समझ रहे हैं लेकिन राहुल गांधी व कांग्रेस इसे मोदी की छबि खराब करने के लिए उठाना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि अडानी के मामले को उठाकर वह पीएम मोदी की ईमानदार नेता की छवि को प्रभावित कर सकते हैं, उनकी लोकप्रियता को कम कर सकते हैं।विपक्ष के बाकी नेता ऐसा नहीं समझते हैं। उनकी सोच है कि अडानी की जगह मोदी पर नीतियों को लेकर, गरीबी,महंगाई,बेरोजगारी को लेकर घेरा जाए।यही वजह है कि राहुल गांधा व कांग्रेस अडानी के मामले के अकेले दिखाई देते हैं। अडानी का मामला बोफोर्स की तरह भ्रष्टाचार नहीं है, बोफोर्स तो लोगों को समझ में आता था कि किस तरह भ्रष्टाचार किया गया है। अडानी के मामले में भ्रष्टाचार लोगों को समझ नहीं आता है।

आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी लेकिन आप उसे अपनी बुद्धिमत्ता से हल कर लेंगे। समाज में आपके अच्छे काम से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से आज छुटकारा मिलेगा, जिससे आप ज्यादा एनर्जेटिक महसूस करेंगे। किसी बचपन के मित्र से मुलाकात होगी। पुरानी यादें ताजा होंगी। अचानक धन लाभ होने से आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा।

वृष राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग पूरा कर चुके छात्रों का प्लेसमेंट किसी अच्छी कंपनी में होगा। किसी से बात करते समय भाषा पर नियंत्रण रखें। आपका दिन हंसी-खुशी में बीतेगा। आपके अन्दर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। धार्मिक कार्य में रुचि बढ़ेगी। आपके खर्च में बढ़ोत्तरी हो सकती है। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों को पूरा करने का प्लान बनाएंगे।

मिथुन राशिःआज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आएंगे,जिन्हें आपको चूकना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के मार्ग खुलेंगे। आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते हैं, किन्तु अपनों का साथ आपको सही दिशा में ले जाएगा। जॉब के कुछ अच्छे ऑफर भी आज आपको मिल सकते हैं। जहां जरूरत होगी, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहेंगे। लवमेट्स से आज आपको कुछ गिफ्ट मिलेगा,जिससे रिश्ते और बेहतर होंगे।

कर्क राशिःआज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपके घर में कोई मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, आपकी तारीफ भी करेंगे। काम अधिक होने के कारण मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है,आपका पेशेंस आपको सफलता दिलाएगा। जीवनसाथी का सहयोग कारगार हो सकती है। आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। धार्मिक कामों में आपका मन लगेगा। आपके कॉन्फिडेंस से कोई काम बन जाएगा। मार्केट से कोई मनपसंद वस्तु खरीदने का मन बना सकते हैं। नयी कार्य योजनाओं को स्टार्ट करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

सिंह राशिःआज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार में चल रही अनबन आज सुलझ जाएगी। तालमेल अच्छा बना रहेगा। समाज में आपकी पहचान नए लोगों से होगी जो भविष्य में आपके किसी काम आएंगे। ऑफिस में आज किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। आपका मन भगवान की आराधना में लगेगा आप मंदिर जाकर पूजा अर्चना करेंगे। बिजनेस में आपको सफलता मिलेगी, आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, किसी किसी प्रभावशाली व्यक्ति का इंटरव्यू लेने का मौका मिलेगा।

कन्या राशिःआज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जाएगा, आप काम करने के नए टारगेट बनाएंगे। ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। परिवार के साथ मिलकर कोई नया बिजनेस शुरू करने की चर्चा करेंगे।सामाजिक तथा राजनीतिक कार्यों में मन लगा रहेगा।

तुला राशिःआज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। किसी काम के लिए आपकी कोशिश सफल होंगी। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। छात्रों को पढ़ाई या करियर से जुड़ी समस्याओं का समाधान मिलेगा, अपनी मेहनत जारी रखें, आपकी सफलता के अच्छे योग हैं। समाज में सम्मान और रुतबा बढ़ेगा, किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। लवमेट्स एक दूसरे पर विश्वास बनाये रखें,रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है,आपके द्वारा लिखी गई कविता की लोग तारीफ करेंगे।

वृश्चिक राशिःआज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। ऑफिस में किसी से बेवजह उलझने से बचें। कोई आपकी बैक बाईटिंग कर सकता है। आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है, लेकिन जल्द ही रिलेक्स भी हो जाएंगे। माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जाएंगे जहां आपको काफी अच्छा लगेगा। आपका अच्छा स्वभाव लोगों का प्रिय बनाएगा। आपकी सुख-सुविधाएं बनी रहेंगी। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशिःआज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। इस राशि के लोग आज किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते हैं, जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा। किसी करीबी रिश्तेदार से अचानक मुलाकात हो सकती है। घर पर कोई मंगल कार्यक्रम कराएंगे, जिससे आपका दिन व्यस्तता और भाग-दौड़ में बीतेगा। आपके प्रोजेक्ट से खुश होकर बॉस आपका प्रमोशन भी कर सकते हैं। किसी जरूरतमंद की मदद करने का मौका मिलेगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

मकर राशिःआज का दिन आपके लिए बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी। आपका कोई रुका काम पूरा हो जाएगा। छात्रों का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरुआत होगी। घर में संतान के रुप में लक्ष्मी के आने से खुशियां भरा माहौल रहेगा।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। राजनीति के क्षेत्र में आपकी छवि मजबूत बनेगी,ज्यादा लोगों से आप जुड़ेंगे। सहयोगियों से हर संभव मदद मिलती रहेगी। लवमेट्स के दिन खास रहेगा, आज मनपसंद उपहार मिलेगा। डायबिटीज की समस्या से आज कुछ हद तक आराम मिलेगा। किसी भी काम को करने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद लेकर जाएं, काम में आने वाली बाधाएं दूर होंगी। नवविवाहित दंपत्ति के लिए आज का दिन खास रहने वाला है।

मीन राशिःआज का दिन आपके लिए खुशियां भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट के व्यापारी आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ कमाएंगे। आपके आसपास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा, जिसमें आपका परिवार शामिल होगा। परिवारजन आपसी सामजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सफल होंगे। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे,जहां आप खूब एंजॉय करेंगे। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है।

बाजारीकरण के दौर में सच्चा शिक्षक होना आसान नहीं

शिक्षक दिवस 5 सितम्बर

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

शिक्षक को समाज में माता-पिता समान ईश्वर का रूप माना जाता हैं। शिक्षक त्याग, समर्पण और न्याय की वह मशाल हैं, जो स्वयं जलकर विद्यार्थियों को यश मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रकाशमान होती है। एक सच्चे शिक्षक में मुख्यतः गुण विषयतज्ञ, कौशलपूर्ण, मार्गदर्शक, दूरदर्शी, शोधकर्ता, विश्लेषक, मृदुभाषी, सहकारी, अनुशासित, समयनिष्ठ, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ, समर्पित, परोपकारी और मेहनती होते है। शिक्षक सर्वदा घृणित व्यवहार, लालच, अभिमान, दिखावा, नशा और भ्रष्टाचार से दूर रहकर, कठिन परिस्थितियों में भी हार न मानकर हमेशा समाज में नयी पीढ़ी को आदर्श रूप देने के लिए ऊर्जावान बने रहते है। सच्चा शिक्षक जात-पात, धर्म, रंग, ऊंच-नीच, लिंगभेद जैसे विचारों से अलिप्त रहकर अपने विद्यार्थियों को एक समान दृस्टी से देखता हैं जैसे माँ अपने सभी बच्चों को एक समान देखती है। देश में, समाज में, दुनिया में शिक्षक बेहद जिम्मेदारी का पद हैं, शिक्षक पर नई पीढ़ी को कर्तव्यदक्ष सुजान नागरिक में परिवर्तित करने की कला होती हैं। शिक्षक के कला-गुणों पर ही देश का उज्जवल भविष्य तैयार होता हैं, और यही हैं एक सच्चे शिक्षक की पहचान।

आज समाज में आपराधिक वृत्ति काफी तेजी से बढ़ी हैं, स्कूली बच्चें से लेकर महाविद्यालयीन किशोर गंभीर अपराधों में लिप्त नजर आते हैं, सभ्यताओं, मूल्यों, मान, संस्कारों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती है, आज हम खूब सुशिक्षित हो रहे हैं लेकिन सुसंस्कृत क्यों नहीं? हर ओर शिक्षा का व्यापारीकरण नजर आता है। आज के आधुनिक समय में शहरों और महानगरों में स्कूल का नाम ब्रांड बन गया हैं, सभी अभिभावक नामी निजी स्कूलों में ही अपने बच्चो को पढ़ाना चाहते हैं, तो फिर यह प्रश्न चिन्ह तैयार होता हैं कि सर्वोत्तम स्कूली शिक्षा के बावजूद बच्चों को बाहर कोचिंग सेंटर क्यों भेजा जाता हैं? बेहतर निजी शिक्षा संस्थान में बच्चों को पढवाने के बावजूद बच्चों को प्रथम कक्षा से ही ट्यूशन लगवाना जरुरी समझा जाता है। विद्यार्थियों के ड्रेस, किताबें, कॉपियां, स्टेशनरी, बैग अर्थात सब शिक्षा संबंधी साहित्य खरीदारी के नियम भी पहले से तय होते हैं और वर्षभर अलग-अलग एक्टिविटीज-इवेंट अलग से चलते रहते हैं। आबादी के मामले में विश्व में अग्र क्रम पर तथा सबसे अधिक शिक्षासंस्थानों में तीसरे क्रमांक पर हमारा भारत देश है, फिर भी हर साल बड़ी संख्या में हमारे देश के लाखों विद्यार्थी पढ़ाई करने विदेश जाते है, साथ ही बड़ी मात्रा में देश का धन भी बाहर जाता है। गुणवत्ता की बात करे तो विश्वस्तर पर शीर्ष के शिक्षा संस्थानों में भारत का नाम नदारद है। यूनेस्को की शिक्षा रिपोर्ट 2021 अनुसार, देश में 1 लाख स्कूल सिर्फ 1 शिक्षक के भरोसे चलते हैं। देश के स्कूलों में 11.16 लाख पद रिक्त हैं, जिनमें से 69त्र ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जबकि देश में उच्च शिक्षित बेरोजगारों की संख्या तेजी से बढ़ी हैं। शिक्षा विभाग क्षेत्र में अक्सर घोटालों की गूंज सुनाई देती हैं। कहाँ, किस पद का, किस काम का, कितना रेट तय है? यह उस क्षेत्र से संबंधी लोगों को पता होता हैं, लेकिन सब अपने फायदे के हिसाब से या डर से आँखे मूंदकर रहते हैं। अन्याय और भ्रष्टाचार करके अगर शिक्षक नौकरी पाता है, अनुचित कार्य करता है, तो वह कैसे अपने पद से न्याय कर पायेगा? और कैसे वह आदर्श पीढ़ी का शिल्पकार कहलायेगा?

जिन निजी शिक्षा संस्थानों का नाम मशहूर हैं वहां शिक्षक कर्मचारियों का वेतन तो भी ठीक-ठाक हैं क्योंकि उन्हें अपना स्तर बनाए रखना हैं, परंतु अधिकतर संस्थानों में तो शिक्षक दिहाड़ी मजदुर से भी कम वेतन पर काम करता हैं। इस महंगाई के दौर में कई शिक्षकों का अत्यल्प वेतन पर कार्य करना, उनका जीना मुश्किल बनाता हैं, तो कही शिक्षकों को महीनों तक बिना वेतन कार्य करवाया जाता है, तो कई राज्यों में बरसों से नहीं अपितु दशकों से शिक्षकों की नई भर्तियां ही नहीं हुई है। अनेक शिक्षा-संस्थानों में योग्यतापूर्ण शिक्षक तक नहीं, फिर भी पढ़ाते हैं। देश के अनेक विश्वविद्यालय और सरकारी अनुदानित शिक्षा संस्थान ठेका पद्धति द्वारा अनेक वर्षो से शिक्षकों को टेम्परारी काम पर रख कर शिक्षा का कार्य चला रहे है। देश में केजी से लेकर पीएचडी तक शिक्षा के लिए आवश्यक तज्ञ शिक्षकों में बेतहाशा बेरोजगारी का आलम होने से शिक्षा क्षेत्र में नौकरी पाने के लिए संघर्ष चरम पर नजर आता है, जिसके कारण भेदभाव, भ्रष्टाचार, सिफारिश जैसी समस्या उदयमान होती है। इन सब के चलते जो जैसी नौकरी मिले किसी भी क्षेत्र में शिक्षक काम करने को तैयार हो जाते है। बड़ी संख्या में शिक्षक उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद शिक्षण विभाग में करियर न बनने के कारण मजबूरी में प्रोफेशन बदल लेते है। कई लोगों के जीवन का सबसे कीमती समय इसी तरह बर्बाद हो जाता हैं, जिसका उनके पूरे जीवन पर बुरा असर पड़ता है। शिक्षक जैसे पवित्र पद को कलंकित करने वाली अनेक खबरें आजकल देखने-सुनने को मिलती है, जो इंसानियत को भी शर्मसार कर देती है। ऐसे ये शिक्षक नहीं, समाज के भक्षक है, जो शिक्षक के मूल परिभाषा से अनभिज्ञ होकर ये शिक्षक के पद की गरिमा को धूमिल करते है। आज बढ़ती सामाजिक समस्याओं में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही, अत्याचार, अपराध, स्वार्थवृत्ति, नशाखोरी, मिलावटखोरी, प्रदूषण, कामचोरी, झूठ, जालसाजी, संस्कारहीन व्यवहार इन सभी समस्याओं का मूल कारण लोगों द्वारा नियमों की अवहेलना और लापरवाही है, जो काफी हद तक उस व्यक्ति की शिक्षा और संस्कार पर सवाल उठाता है। कोई भी बचपन से ही अपराधी के रूप में जन्म नहीं लेता है, बच्चें कच्चे मिट्टी के घड़े से होते है, शिक्षक उन्हें जैसा बनाएंगे विद्यार्थी वैसा बन जायेंगे, माना कि बच्चों पर समाज और परिवार का प्रभाव भी होता है लेकिन मुख्य मार्गदर्शक की भूमिका में शिक्षक ही होता है। आज के इस व्यापारीकरण के युग में शिक्षक को आत्मचिंतन की बेहद आवश्यकता हैं, क्योंकि शिक्षक के कला-गुणों पर ही देश का आनेवाला कल निर्भर है। ऐसा भी नहीं है कि अब शिक्षक समाज सुधारक के रूप में नजर नहीं आते, कम ही सही लेकिन कई शिक्षक सच्चे समाजसुधारक बनकर आज भी विपरीत परिस्थितियों से मुकाबला कर समर्पण की भावना से विद्यार्थियों में शिक्षा की ज्योत प्रज्वलित करने के लिए संघर्ष कर रहे है। ऐसे अनगिनत महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने देश की जनता की समस्याओं को अपनी समस्या समझकर देश व समाज की सेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, जिसमें शिक्षा का क्षेत्र भी प्रमुख हैं। देश में महिला शिक्षा की पहली लौ जलानेवाले महान समाज सुधारक सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले थीं, जिन्होंने महिला शिक्षा को सफल बनाने के लिए कई कठिनाइयों से संघर्ष किया, सावित्रीबाई फुले को भयंकर सामाजिक विरोध का सामना करना पड़ा। लोग उन पर कीचड़, पत्थर, गोबर फेंकते थे, मारते थे, गालियां देते थे, श्राप देते थे, तिरस्कार और घृणा की दृष्टि से देखते थे। इतने असहनीय अत्याचारों के बावजूद उन्होंने ज्योतिबा फुले की मदद से लड़कियों के लिए देश का पहला स्कूल खोला, नारी शक्ति सदैव उनकी ऋणी रहेगी। आज के समय में सच्चा शिक्षक बनना आसान नहीं है, उसके लिए शिक्षा-संस्कार की अग्नि में तपना पड़ता हैं, देश, समाज के विकास के लिए समाजसुधारक की भूमिका निभानी होती हैं, सच्चा शिक्षक कभी भी पहले खुद के बारे में नहीं अपितु विद्यार्थियों के विकास के बारे में सोचता है। आज समाज में कितने शिक्षक हैं जो महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, साने गुरूजी जैसा संघर्ष करके समाज में फैली बुराइयों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर हैं और आदर्श पीढ़ी के के शिक्षक कहलाने के काबिल है। आज हमारे समाज में ऐसे कितने मेहनती शिक्षक हैं जो अपने निस्वार्थ कर्तव्य और छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए समाज की बुराइयों से लड़ सकते हैं, और जो लड़ सकते हैं, वहीं सच्चे शिक्षक है।

शिक्षा ही नहीं संस्कार भी देता है शिक्षक

शिक्षक दिवस 5 सितम्बर

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

ज्ञान देने वाले गुरु का वंदन है ,
उनके चरणों की धूल भी चंदन है ।।

शिक्षक वह नहीं , जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे , बल्कि वास्तविक शिक्षक वह है जो शिष्यों को आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे। डॉ .सर्वपल्ली राधाकृष्णन के उक्त कथन का आज की जीवन शैली में कितना महत्व है , इसे सहज ही समझा जा सकता है । आज पूरा भारतवर्ष गुरुओं के सम्मान में शिक्षक दिवस मना रहा है । मानवीय समाज में एक शिक्षक ही वह शख्स होता है जो अपने विद्यार्थियों को हमेशा एक बड़े मुकाम पर देखना चाहता है । यह भी याद रखने वाली बात है कि आज का दिन केवल उन शिक्षकों के लिए नहीं होता , जिन्होंने आपको क्लास रूम में शिक्षा प्रदान की हो , बल्कि उन सभी के लिए सम्मान भरा दिवस होता है जिन्होंने आपको जीवन की डगर में कभी कुछ सकारात्मक सिखाया हो । यदि मैं गलत नहीं हूं तो आज हम अपने पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के साथ इसी सदी के एक अन्य महामहिम डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम को भी अपने स्मरण में ला सकते हैं । वे एक ऐसे शख्स थे जिन्होंने राष्ट्रपति के पद से कहीं अधिक एक सफल शिक्षक होने का प्रमाण हम सबके समक्ष रखा । अपने पद से उतरने के बाद भी उन्होंने वैज्ञानिक (शिक्षक) धर्म को निभाते हुए पुनः युवा वैज्ञानिक तैयार करने शिक्षकीय कर्तव्य को निभाकर यह सिद्ध कर दिखाया कि शिक्षक के पेशे से बढ़कर अन्य कोई सम्मानजनक पेशा है ही नहीं ।

आज मुझे मिसाइल मैन के रूप में ख्याति प्राप्त राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का एक कथन बार-बार आकृष्ट कर रहा है । वे कहा करते थे- ÷ शिक्षण एक बहुत ही महान पेशा है , जो किसी व्यक्ति के चरित्र , क्षमता और भविष्य को आकार देता है । अगर लोग मुझे एक अच्छे शिक्षक के रूप में याद करते हैं , तो मेरे लिए यह सबसे बड़ा सम्मान होगा । ÷ डॉक्टर कलाम ने शिक्षा की महत्वता को दर्शाते हुए लिखा - ÷ असली शिक्षा एक इंसान की गरिमा को बढ़ाती है और उसके स्वाभिमान में वृद्धि करती है । यदि प्रत्येक इंसान द्वारा शिक्षा के वास्तविक अर्थ को समझ लिया जाता और उसे मानव गतिविधि के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाया जाता तो यह दुनिया जीवन जीने के लिए कहीं अच्छी जगह होती । ÷ हम देख रहे हैं कि हमारे शिक्षाविदों और महान व्यक्तियों द्वारा शिक्षा और शिक्षक के प्रति रखे गए समाज निर्माण वाले विचार आज कहीं न कहीं लुप्त हो गए हैं ! वास्तव में देखा जाए तो शिक्षकों की बदौलत ही समाज में संस्कार पनपते हैं । बेहतर समाज की स्थापना में बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आना ही होगा । वर्तमान समय में बच्चों की शिक्षा पद्धति तो बदली है , किंतु उस शिक्षा के साथ संस्कारों में कमी देखी जा रही है ! पहले के समय में विद्यार्थी अपने गुरु के सम्मान में कहीं भी उठ खड़े होते थे , किंतु आज विद्यार्थियों का संबोधन बिगड़ चुका है !

मुझे आज शिक्षक दिवस पर कुछ लिखते हुए कबीर दास जी की लाइन भी याद आ रही हैं उन्होंने शिक्षकों के सम्मान में बड़े गहरे विचार रखते हुए लिखा है÷

गुरु मूरत गति चंद्रमा , सेवक नैन चकोर ।
आठ पहर निरखत रहे ,गुरु मुरत की ओर।।

शिक्षा और संस्कार में संतुलन कैसे गड़बड़ा गया ? इस पर गहन चिंतन की जरूरत है ! ऐसे कौन से कारण है जिनके चलते शिष्य अपने ही गुरु की पीठ पीछे अवहेलना करने के साथ अपमानजनक शब्दों का उपयोग करते हैं ? जहां तक मैं समझता हूं इसके लिए केवल विद्यार्थी ही दोषी नहीं है । कुछ दोष आज के शिक्षकों को भी अपने सिर लेना होगा ।

कारण यह की आज से लगभग तीन-चार दशक पूर्व शिक्षक अपने शिष्यों के साथ अपनत्व का भाव रखते थे । अब अपनत्व और स्नेह का लोप हो चुका है! शिक्षक , विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम में शामिल तथ्यों का ज्ञान तो दे रहे हैं , किंतु केवल ज्ञान देने से या औपचारिकता पूरी करने भर से भारतीय समाज का विकास नहीं हो सकता है ! जहां तक संस्कारों की बात की जाए इसमें आई अथवा आ रही कमी के लिए मैं प्रशासनिक व्यवस्था के साथ आज के पालकों को भी जिम्मेदार समझता हूं । मुझे याद है जब मैं खुद प्रारंभिक दौर की शिक्षा से गुजर रहा था , तब पढ़ाई के दौरान अन्य कार्य भी लगन के साथ किए जाते थे । पंद्रह अगस्त , छब्बीस जनवरी के अवसर पर कक्षा सजावट और कमरे का रंग - रोगन भी हमारे द्वारा किया जाता था । पढ़ाई के कालखंडों में एक कालखंड ÷ बागवानी ÷ का भी हुआ करता था । इस कालखंड में हम स्कूल के बगीचों की साफ- सफाई के साथ रापा- गैंती के साथ मजदूर जैसा काम भी किया करते थे । यही हमारे संस्कारों भरा कालखंड हुआ करता था । आज यदि ऐसा कराया जाए तो पालक विवाद करने खड़े हो जाते हैं ! बच्चों की गलती पर पड़ने वाला चांटा भी संस्कारों की श्रेणी में माना जाता था । आज बेवजह की दखलंदाजी ने ही संस्कारों को समाधिस्त कर दिया है !

नौ - सीखिए परिंदों को, बाज बनाता हूं ,
चुपचाप सुनता हूं ,शिकायत सबकी,
तब दुनिया बदलने की आवाज बनता हूं ।÷

मैं शिक्षक जैसे सम्मानित शब्द की परिभाषा में नहीं जाना चाहता हूं , किंतु इतना अवश्य कहना चाहता हूं कि शिक्षक ऐसा व्यक्ति है , जो बच्चों में व्यक्तित्व का बीजारोपण कर अच्छे मूल्यों और आदर्शों को विकसित करता है । शिक्षक के ऐसे ही कर्तव्यों की पूर्ति के चलते एक विद्यार्थी आगे चलकर देश का उत्तम नागरिक ही नहीं वरन संस्कारों से परिपूर्ण भारतवर्ष की संरचना का स्वप्नकार बन दिखाता है । एक शिक्षक की भूमिका कुशल माली की तरह होती है , जिस तरह माली छोटे-छोटे पौधों की उचित देखभाल कर उन्हें फलने- फूलने की स्थिति में लाता है । ठीक उसी तरह एक शिक्षक भी छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा को तरास कर उन्हें हीरा बना दिखता है । आज के दिन मैं कुछ नकारात्मक बातें शिक्षकों के संबंध में करना नितांत गलत समझता हूं , किंतु कुछ घटनाओं के कारण मन विचलित हो उठता है । ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति एक शिक्षक के लिए उचित नहीं है । मैं शिक्षा संस्थानों में समाज विरोधी गतिविधियों को लेकर बेचैनी का अनुभव कर रहा हूं ।

राजधानी दिल्ली जैसी जगह में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार कहीं न कहीं शिक्षक की कलुषित मानसिकता को उजागर कर रहा है ! प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ने वाली एक शिक्षिका , जिसे बच्चों के साथ मां जैसा व्यवहार करना चाहिए , उसी के द्वारा बच्ची को पहले कैंची से मारना और फिर पहली मंजिल से नीचे फेंक देना , क्या हमें शिक्षकों के प्रति सम्मान की परिपाटी से जोड़ सकता है ? इस घटना ने एक नहीं अनेक सवाल पैदा किए हैं ।एक शिक्षक ने सारे शिक्षकों की भूमिका को संदेह के दायरे में लाख खड़ा किया है ! आज का युग डिजिटलीकरण से परिपूर्ण है । देश के किसी भी कोने में होने वाली घटनाएं सोशल मीडिया द्वारा पल भर में पूरे विश्व के लिए चर्चा का विषय बन जाती है । शिक्षा के मंदिरों में अबोध बालिकाओं के साथ दिल दहला देने वाली घटनाएं रोज हो रही हैं । इस पर हमारे देश की सरकार को चिंता करते हुए ठोस कदम उठाने होंगे ।

ड्रोन हमलों से रूस में त्राहि माम!

श्रुति व्यास

इस तीसअगस्त को यूक्रेन ने रूस पर सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। यह हमला रूस के छह अलग-अलग इलाकों में किया। इसे यूक्रेन के रूस पर हमलों में से सबसे दुस्साहसी माना जा रहा है। इसे 'परीक्षण उड़ान' बताया गया था क्योंकि ड्रोन का जो झुंड रूस भेजा गया था, उसमें कई प्रोटोटाईप शामिल थे। हालांकि इसके बावजूद इन ड्रोनों ने अपना काम एकदम ठीक तरह से किया। सैन्य अड्डों के अंदर विस्फोट हुए, कई मौतें हुई और स्थानीय सूत्रों के अनुसार घायल सैनिकों को बड़ी संख्या में अस्पताल ले जाया गया।

पिछला हफ्ता क्रेमलिन के लिए बुरा था। मास्को पर एक दर्जन से अधिक ड्रोन हमले हुए और कई बड़े हवाईअड्डों को कई बार बंद करना पड़ा. इसके साथ ही, हथियारों के कारखानों, हवाईपट्टियों, ईंधन भंडारगृहों और रेलवे नेटवर्क में कई विस्फोट हुए। इन सबकी सफाई देना क्रेमलिन के लिए मुश्किल हो रहा है। ये हमले, जो सीमा से बहुत भीतर हुए, यूक्रेन के लिए प्रचार का हथियार हैं, हालांकि कीव ने इनमें उसका हाथ होने की बात यदा कदा ही स्वीकार की है।

जिन महत्वपूर्ण स्थानों पर आधुनिकतम टेक्नोलॉजी युक्त जबरदस्त सुरक्षा होनी चाहिए, उन पर सफल हमले रूस के मनोबल के लिए बहुत घातक सिद्ध हो रहे हैं भले ही इनसे युद्ध के जमीनी हालात में कोई बदलाव न हो रहा हो।सोशल मीडिया में आई तस्वीरों में एक विमान नजर आ रहा है जो यूक्रेन में आम नागरिकों पर हुए हमलों में नियमित रूप से प्रयुक्त हो रहे विमानों जैसा है। ऐसे ही विमान का उपयोग रूस के आक्रमण के शुरूआती दिनों में मेरियापोल पर की गई जबरदस्त बमबारी के दौरान अनगाइडेड मिसाईलें गिराने के लिए किया गया था। यूक्रेन की जासूसी संस्था जिसे जीयूआर के नाम से जाना जाता है, ने खबर दी है कि एक टीयू-22एम3 शनिवार को हुए हमले में 'नष्ट' हो गया और दो अन्य विमानों को नुकसान पहुंचा। रूस के भीतरी इलाकों में यूक्रेन के ड्रोन हमले हाल के महीनों में काफी बढ़ गए हैं, और ये हमले नियमित रूप से मास्को पर भी हुए हैं। इसलिए रूस भविष्य में होने वाले हमलों को रोकने के लिए यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि ये ड्रोन कहां से उड़े थे।

यह काफी अजीब है कि यूक्रेन का ड्रोनों के मामले में न तो कोई एकल कमान है और न ही इन्हें हासिल करने का कोई ढांचा है। शासन की कई संस्थाएं, जिनमें सभी जासूसी संस्थाएं शामिल हैं, के अपने-अपने ड्रोन हैं। ऐसा उच्च स्तरीय भ्रष्टाचार और लालफीताशाही के चलते हो रहा है, और यही वजह है कि मास्को पर कई हमले सैन्य दृष्टि से महत्वपूर्ण होने की बजाए ड्रोन खरीदने वाले उच्चाधिकारियों का ध्यान प्रोटोटाईप की ओर आकर्षित करने की कोशिश नजर आते हैं। यूक्रेन के लिए ड्रोन ज़रुरत बन गए हैं। आखिरकार यूक्रेन पर शहरों पर बार-बार बमबारी हुई है जिनमें कई नागरिक मारे गए हैं और उनके रोजी-रोटी के साधन नष्ट हो गए। मास्को पर हमलों का उद्धेश्य मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालना है, ताकि सामान्य रूसियों को जंग की हकीकत का एहसास कराया जा सके। लेकिन यूक्रेन की सेना के भीतरी जानकारों का कहना है कि ज्यादातर हमले तीन माह से जारी जवाबी हमले को अधिक प्रभावी बनाने के लिए किए गए हैं। रूस की व्यापक हवाई सुरक्षा और इलेक्ट्रानिक युद्ध क्षमताओं के चलते किसी भी यूक्रेनी हमले की योजना बहुत बारीकी से बनाई जाना जरूरी है। यूक्रेन ने ऐसे एल्गोरिथम विकसित कर लिए हैं जिनके जरिए उसे कामयाबी हासिल हो रही है। ऐसी खबरें हैं कि सरकार ने केवल ड्रोनों के लिए 1.1 अरब डालर की रकम निर्धारित की है, जो यूक्रेन की दृष्टि से एक बड़ी रकम है।यूक्रेन ने युद्ध को तेज तो कर दिया है मगर वह इस तेजी को कब तक कायम रख पाता है, यह देखना होगा।

सेहत

भूख बढ़ाने के लिए ऐसे करें नींबू का इस्तेमाल, बढ़ जाएगी आपकी डाइट

भूख न लगना एक गंभीर समस्या जरूर है क्योंकि इसी कारण कई दूसरी और खतरनाक बीमारी होने के चांसेस बढ़ जाते हैं. भूख नहीं लगने की वजह से कई दूसरी बीमारी भी आपके शरीर को अपना शिकार बना सकती है. भूख नहीं लगेगी शरीर को सही ढंग से पोषण नहीं मिलेगा. भूख न लगने के पीछे का कारण तनाव और डिप्रेशन भी हो सकता है. कई बार भूख न लगने की स्थिति में लोग तरह-तरह के फूड सप्लीमेंट भी लेते हैं. जिसका सीधा असर हमारी हेल्थ पर पड़ता है. ऐसे में आज हम आपके लिए लाए हैं खास उपाय. भूख न लगने की स्थिति में आप नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे आपके भूख लगने में मदद कर सकता है.

नींबू के रस को चूना के पानी में मिलाकर पिएं

अगर आपको भूख नहीं लगती है तो 3 द्र्यनींबू के रस में 100 द्र्य चूने का पानी और शहद मिला लें. इस बूंद को 20-20 बूंद 2-3 बार जरूर लें.

गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पिएं

एक ग्लास गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पिएं. ऐसा करने से भूख बढने के साथ-साथ पाचन क्रिया भी अच्छी होगी.

नींबू के शरबत में नमक भी पीला सकते हैं

नींबू का शरबत भी भूख बढ़ाने के काम आता है. अगर आप 2 गिलास पानी 2 नींबू का रस में लौंग और काली मिर्च पाउडर मिलाकर पिएंगे. इससे आपकी भूख भी बढ़ सकती है. इन सब के अलावा आप अपने स्वादनुसार उसमें नमक भी मिला सकते हैं.

नींबू पर काला नमक लगाकर खाएं

नींबू पर काला नमक लगाकर चाटने से भी भूख बढ़ती है.इससे आपका हाजमा भी दुरुस्त होगा और पाचन तंत्र मजबूत होगा.

अदरक के टुकड़ों में नींबू का रस और काला नमक मिलाकर खाएं. इसे खाने से भूख बढने के साथ-साथ हाजमा भी अच्छा होता है. आप इसे काफी वक्त तक फ्रिज में स्टोर करके भी रख सकते हैं.

वन अधिकार मान्यता के क्रियान्वयन में देश में अव्वल छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में वन अधिकार मान्यता पत्र के संदर्भ में कुल 5 लाख 17 हजार 96 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र प्रदाय किये गये

रायपुर, 4 सितम्बर। छत्तीसगढ़ में वन अधिकार मान्यता अधिनियम का मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रभावी और संवेदनशीलता के साथ क्रियान्वयन हो रहा है। इसके परिणाम स्वरूप राज्य में आदिवासी - वनवासियों सहित गरीब तथा कमजोर वर्ग के समस्त लोगों को काफी राहत मिली है, और उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हुई है। आम जन के सरोकार के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं वन संरक्षण की दृष्टि से यह वन अधिकार मान्यता पत्र अत्यंत ही महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

छत्तीसगढ़ में वन अधिकार मान्यता पत्र के संदर्भ में कुल 5 लाख 17 हजार 096 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र प्रदाय किये गये है। व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्रदाय करने में छत्तीसगढ़ राज्य देश में प्रथम स्थान पर है। इसके अंतर्गत हितग्राहियों के समग्र विकास के लिए भूमि समतलीकरण, जल संसाधनों का विकास तथा क्लस्टर के माध्यम से हितग्राहियों को अधिकाधिक लाभ के उद्देश्य से अनेक योजनाओं के माध्यम से मदद पहुंचाई गई है। इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री व्हीं. श्रीनिवास राव से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें हितग्राहियों को वन मंत्री श्री मोहम्मद

अकबर के मार्गदर्शन में राज्य की जनहितकारी योजनाओं जैसे निजी भूमि पर बाईबेक गारंटी के साथ मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना, फसल विविधता को प्रोत्साहित करने के लिये धान के बदले अन्य रोपण हेतु प्रोत्साहन राशि का प्रावधान आदि से भी जोड़ा जा रहा है। इसके तहत भूमि विकास के फलस्वरूप प्रति हितग्राही कृषि उत्पादन बढ़ गया है और अनेक प्रकार के आय-मूलक फसलों (कैश क्रॉप) का उत्पादन भी उन क्षेत्रों में किया जा रहा है। जिसके कारण हितग्राहियों का आजीविका उन्नयन भी सुनिश्चित हुआ है। साथ ही साथ इससे वन सुरक्षा के प्रति जनता का सीधा सरोकार सामने आया है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है।

इसी तरह राज्य में सामुदायिक वन अधिकार अंतर्गत कुल 46000 प्रकरणों को मान्यता प्रदान की गई है, जो कि पुनः देश में सर्वाधिक है। इसके अंतर्गत वनांचलों में निवासरत जन समुदाय को विभिन्न प्रकार के निस्तार संबंधी अधिकार जैसे गीण वन उत्पाद संबंधी अधिकार मछली व अन्य जल उत्पाद तथा चारागाह अधिकार विशेष पिछड़ी जाति एवं समुदायों, कृषकों को आवास अधिकार, सभी वन ग्रामों पुराने रहवास क्षेत्रों, असर्वेक्षित ग्राम आदि को राजस्व ग्राम में बदलने के अधिकार, आदि शामिल है। इसके अलावा वनांचल क्षेत्र में पाये जाने वाले लघु वनोपज संग्रहण के लिये 67 प्रजातियों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है और इस वर्ष छ.ग. राज्य वन अधिकार मान्यता के प्रभावी क्रियान्वयन द्वारा देश का 73 प्रतिशत लघु वनोपज का संग्रहण करने में सफलता प्राप्त की है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में कुल 4306 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता पत्र प्रदाय किये गये है। वन संसाधन अधिकार के प्रबंधन हेतु मान्यता प्रदान करने में छत्तीसगढ़ राज्य देश का प्रथम राज्य है, जहां व्यापक पैमाने पर वन वासियों के अधिकारों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुये वन अधिकार पत्र प्रदाय किये गये है। इस अधिकार के तहत ग्राम सभा को प्रदत्त मान्यता वाले वन क्षेत्रों के प्रबंधन का अधिकार दिया गया है। उक्त वनों के प्रबंधन हेतु प्रबंध योजना तैयार करने की कार्यवाही प्रगति पर है। जिसके लिये 19 जिलों के लगभग 2000 ग्रामों के हितधारकों को प्रबंध योजना तैयार कर कार्य आयोजना के साथ एकीकृत करते हुये प्रबंधन सुनिश्चित करना है। प्रबंध योजना में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता वाले वन के प्रबंधन हेतु समस्त प्रकार के सर्वेक्षण करते हुये प्रबंधन के सभी आयाम प्रस्तावित है। यहां यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक ईकाई वन भूमि पर अधिक से अधिक लाभ के लिये किस प्रकार का रोपण अथवा संरक्षण संबंधी कार्य प्रस्तावित किया जा सकता है।

एक नजर

मंत्री कवासी लखमा जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

सुकमा 4 सितंबर। मंत्री कवासी लखमा ने अस्पताल में व्यवस्था को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पहले यही अस्पताल रेफर सेंटर कहलाता लेकिन आज हमारी सरकार में सारी सुविधाएं मिल रही है। पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को घर जैसा माहौल यहां मिले यह सुनिश्चित करें। इस दौरान सिविल सर्जन अभय तोमर नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डू राजा राजेश चौहान व्यापारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रमेश राठी राजेश तापड़िया सहित अस्पताल के डॉक्टर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ओबीसी दिवस 10 सितंबर को कुरूद में मनाया जायेगा

अंवरी 4 सितंबर। ओ.बी.सी. (अन्य पिछड़ा वर्ग) संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू

राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ओबीसी अधिकार आंदोलन के प्रथम शहीद चूल्हाई राम साहू की शहादत की याद में आजादी के महज 25 दिन बाद 10 सितंबर 1947 को सामाजिक न्याय की स्थापना हेतु अर्थात ओ.बी.सी. (अन्य पिछड़ा वर्ग) को भी समान हिस्सेदारी और सामाजिक सुरक्षा (ओबीसी सुरक्षा अधिनियम) दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रोत्साहित होकर स्थापित अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के तत्वाधान में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी त्यागमूर्ति राम लखन चंदापुरी जी ने आजादी की दूसरी संघर्ष-ओबीसी जन-जागरण महाअभियान का शंखनाद किया था , जिसे ओबीसी दिवस के रूप मे मनाया जाता है, ओ.बी.सी. (अन्य पिछड़ा वर्ग) संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के द्वारा विगत तीन वर्षो से पूरे प्रदेश में ओबीसी दिवस मनाया जाता रहा है इस वर्ष भी 10 सितंबर 2023 दिन रविवार को सुबह 10 बजे से ऑडिटोरियम भवन डिपो रोड कुरूद ज़िला धमतरी में धूमधाम से राज्य स्तरीय ओबीसी दिवस मनाई जा रही है, इस अवसर पर भारतव्यापी पिछड़ा वर्ग आंदोलन के सूत्रधार त्याग मूर्ति रामलखन चंदापुरी जी का मूर्ति का अनावरण भी किया जा रहा है।उन्होंने ओबीसी दिवस को ओबीसी समाज के गौरवशाली इतिहास, संघर्ष, संस्कृति, स्वाभिमान और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक बताते हुए है ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के साथ साथ पूरे प्रदेशवासियों को तन-मन-धन, समय और सभी साधनों सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से यथा संभव सहयोग कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस गौरवशाली उत्सव में सहभागी बनने की अपील किया है।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण

दंतेवाड़ा, 4 सितंबर। आयोग एवं नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 कार्यक्रम अनुसार 02 अगस्त से 11 सितंबर 2023 तक प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची में विलोपन कराने, संशोधन एवं स्थानांतरण कराने हेतु दावा आपत्ति प्राप्त किया जाना है। उक्त कार्यक्रम अनुसार 23 अगस्त से 29 अगस्त 2023 तक प्राप्त दावा आपत्ति की सूची फार्म 9, 10, 11, 11अ एवं 11ब में आपको प्रदाय की जा रही है।

अंतिम पात्र सूची एवं कौशल परीक्षा तिथि वेबसाइट पर की गई अपलोड

धमतरी 4 सितम्बर। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय धमतरी में अन्य आकस्मिक व्यय (कलेक्टर दर पर) पर वेतन पाने वाले कर्मचारियों के रिक्त पदों के सीधी भर्ती के संबंध में अंतिम पात्र सूची एवं कौशल परीक्षा तिथि जारी की गई है, जो कि कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धमतरी के वेबसाईट में दिनांक 2 सितंबर को अपलोड किया गया है।

कलेक्टर ने किया गादीरास सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 4 सितंबर। द्वितीय वाहिनी सीआरपीएफ सुकमा तथा दयालबाग शिक्षण संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय) आगरा एवं जिला प्रशासन सुकमा के परस्पर समन्वय से गादीरास में महिलाओं हेतु 09 सप्ताह का सिलाई प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। जिसमे रतिकान्त बेहेरा कमाण्डेन्ट, द्वितीय वाहिनी सीआरपीएफ के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण के तहत यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज में उचित स्थान दिलाना है जिससे वे ज्ञान अर्जन के साथ-साथ अपने परिवार की आय में वृद्धि कर एक बेहतर जीवन

यापन कर सके ।जिसमे आज सुकमा कलेक्टर हरिश एस.व रति कान्त बेहेरा, कामाण्डेन्ट द्वितीय वाहिनी, के.रि.पु.बल सुकमा ने संयुक्त रूप से गादीरास सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का दौरा किया। शिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा तथा यह भी आश्वासन दिया कि सरकारी योजना के तहत उन्हें रोजगार देने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने सिलाई प्रशिक्षण कर रहे 37 महिला प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी तथा सभी को उत्कृष्ट रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने महिला प्रशिक्षुओं को यह भी अवगत कराया की दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कम कीमत पर आप सभी को सिलाई एंव.प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है।

रोका-छेका अभियान का बुरा हाल,मवेशी बैठे रहते हैं सड़क पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरुद 4 सितंबर। सरकार की योजना के तहत नगर व ग्रामीण अंचल में पशुधनो को संरक्षित करने के उद्देश्य के चलते रोका-छेका अभियान प्रारम्भ किया गया था।परंतु जमीन पर यह योजना धूल खाती दिख रही है,न तो इसका पालन ठीक से हो रहा है,न इसके अच्छे उपाय के लिए कोई कदम उठा रहा है।शहर की सड़को पर कभी भी आप जानवरों को बैठे देख सकते है,इससे राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।केवल दिखावे के नाम पर कुछ दिनों के लिए बीच-बीच मे ही योजना का पालन होता दिखता पर,कुछ दिन बाद वह धरातल से गायब हो जाता है।लोगो का कहना है कि सड़कों पर बीचों-बीच जानवर बैठे रहते है जिससे उन्हें परेशान होना पड़ता है,इसी तरह जानवर किसी भी दुकान के पास रात्रि में बैठकर वहां गोबर व मुत्र कर देते है,जिससे उन्हें साफ-सफाई का अतिरिक्त बोझ वहन करना पड़ रहा है।साथ ही जानवर घरों में घुस जाते है तो कही दुकान के बाहर वस्तुओं को नुकसान पहुंचा देते है।अब समय आ गया है कि इन घटनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए रोका-छेका योजना का पालन ठीक से हो ताकि आमजनों को किसी मुसीबत से न गुजरना पड़ें।

टोयोटा किर्लोस्कर ने पूरी तरह नई टोयोटा रुमियन की बुकिंग शुरू की

रायपुर 4 सितंबर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर टीकेएम ने आज अपनी नवीनतम पेशकश . द ऑल न्यू ;पूरी तरह नईद्ध टोयोटा रुमियन की कीमत और आधिकारिक तौर पर बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। इसे इसी महीने अगस्त 23 के शुरू में लॉन्च किया गया था। इससे लोगों में काफी उत्साह पैदा हुआ। उम्मीद की जाती है कि यह असाधारणए नई कॉम्पैक्ट बी.एमपीवी अपने बेजोड़ स्थान और आरामए उत्कृष्ट ईंधन दक्षताए स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिजाइन के साथ नए मानक स्थापित करेगी। सात सीट वाली यह एमपीवी 1.5.लीटर के पेट्रोल इंजन से संचालित है जो के.सीरिज का है और इसमें नियो ड्राइव ;आईएसजीद्ध तथा और ई.सीएनजी तकनीक का उपयोग किया गया हैए जो पेट्रोल वेरिएंट के लिए 20ण51 किमीध्लीटर और सीएनजी के लिए 26.11 किमी किग्रा की उल्लेखनीय ईंधन दक्षता सुनिश्चित करती है। 5.स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और एक सहज 6.स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्धए नई पेशकश वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले के साथ 17.78 सेमी स्मार्टप्ले कास्ट टचस्क्रीन ऑडियो सिस्टम सहित उन्नत तकनीक का दावा करती है।

नाले में पड़ा मिला राजमिस्त्री का शव, हत्या की आशंका

■ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 4 सितंबर। सोमवार की सुबह बालपेट व बालुद पंचायत के सरहद में एक खेत से होकर बहने वाले नाले में एक युवक का शव पड़े होने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की नजर पड़ने के बाद सूचना दंतेवाड़ा कोतवाली को दी गई । पुलिस मौकाए स्थल पर पहुंच शव को नाले से निकालकर जांच पड़ताल में जूट गई है। जिला मुख्यालय से महज 7 किमी की दूरी पर ग्राम पंचायत बालुद है। छंदपारा बालुद निवासी विक्रम ठाकुर पिता हरि ठाकुर उम्र 48 वर्ष का शव आज सुबह बालुद-बालपेट के सरहद पर नाला में

पड़ा मिला। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था। मृतक शादी शुदा तथा दो बच्चों का पिता भी है। नाले में शव की सूचना मिलने के बाद दंतेवाड़ा कोतवाली प्रभारी विजय पटेल दल बल के साथ सुबह घटना स्थल पर पहुंचे। शव का परीक्षण करने उपरांत टीआई श्री पटेल ने कहा कि शरीर पर चोट के निशान देख प्रथम दृष्टया हत्या का का मामला लग रहा है। लेकिन वास्तविक यह मर्डर है या आत्महत्या पीएम रिपोर्ट और जांच से ही खुलासा हो पाएगा। ईधर मृतक के परिजनों ने भी हत्या की आशंका व्यक्त की है। बहरहाल पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच विवचेना में लिया है। जल्द ही मामले की गुत्थी सुलझा लेने की बात फिलहाल पुलिस कह रही है।

प्रदेश स्तरीय युवा मितान सम्मेलन का आयोजना नवा रायपुर में किया गया

राजू साहू के नेतृत्व में कुरूद विधानसभा से 6000 मितान राजीव युवा मितान सम्मेलन में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

अंवरी 4 सितंबर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली सरकार के प्रदेश में यूवाओ के व्यक्तिव विकास वा प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक, धरोहर को सहेजने बनाए गए राजीव युवा मितान क्लब के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन नया रायपुर मेला स्थल में कुरूद विधानसभा समन्वयक राजू साहू के नेतृत्व में 400 गाड़ियों में 6000 से अधीक युवा मितान क्लब के पदाधिकारी सम्मिलित हुए इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप कांग्रेस सांसद वा पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी श्री राहुल गांधी रहे जिन्होंने यूवाओ के कंधो पर पूरा छत्तीसगढ़ सहित भारत की जिम्मेदारी है भारत जोड़ो यात्रा से युवाओं के भारत के प्रती सोच को राहुल गांधी जी ने छत्तीसगढ़ के युवा मितान साथियों को अवगत कराते

हुए कहा की छत्तीसगढ़ पहला ऐसा राज्य है जहा यूवाओ के व्यक्तिव विकास की सोच रखने वाली कॉन्ग्रेस की भूपेश बघेल सरकार है, जो प्रदेश की बेहतरी गांव, समाज, संस्कृति के संरक्षण संवर्धन की जिम्मेदारी आपके मजबूत कंधो पर रखकर गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार कर रही है7 आप सबको बधाई शुभकामनाए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाओं को आगाह करते कहा की आज पूरा छत्तीसगढ़ मितान क्लब के कार्यो से प्रभावित है छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की धूम देश विदेश में चल रहि आप सब अच्छे से कार्य करें।

राजू साहू ने चर्चा में बताया की राजीव युवा मितान क्लब का गठन 2साल पहले हुआ जिसमें ग्रामीण वा शहरी क्षेत्र के युवाओं को जोड़ने वा ग्रामीण संस्कृति सभ्यता, प्राचीन खेल कूद को पुनर्जीवित करने के उद्देश्यों के साथ बना है और निरंतर कार्य भी हो रहे कुरूद विधानसभा में कुल 128पंचात्त, 2नगर पंचायत में यह योजना संचालित है इस कार्यकर्म में सम्मलित होने जा रहे मितान साथियों को छाया विधायक लक्ष्मीकांता हेमंत साहू,ब्लाक अध्यक्ष मुकेश कोसरे, जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकार,भरत नहर, जिप तारनी चंद्राकार, सुमन साहू सहित जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तुकेश साहू, रविंद्र सेन, भूपेंद्र साहू दुष्यंत ढिढी, भोजराम सोनकर, चंदन गंजीर, दमेश्वर साहू, विवेक साहू, मनीष साहू, सुरेश यादव बीरबल मानिकपुरी फालेंद्र साहू, जनक साहू, लोकेश साहू, भूपेंद्र ध्रुव, हेमंत साहू का विषेश सहयोग रहा।

समाचार संक्षेप

कई लोगों की मदद से गंभीर बच्ची का इलाज डीकेएस में शुरू हो सका

सुकमा 4 सितंबर। दोरनापाल जिला सुकमा की तीन वर्षीय बच्ची प्रीती तेल की कड़ाही में गिरने से हो गई थी गंभीर रूप से घायल नन्ही बच्ची के माता-पिता के आर्थिक हालातों को देखते हुए समाजसेवियों एवं नागरिकों ने की थी आर्थिक मदद पी सी सी अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज एवं विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के प्रयासों से बच्ची का डीकेएस अस्पताल में ईलाज आरंभ हुआ था। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की दुख की इस घड़ी में पूरा बस्तर नन्ही परी प्रीती के साथ है उन्होंने डीकेएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ हेमंत शर्मा एवं बर्न यूनिट के इंचार्ज डॉ अजीम से चर्चा कर समुचित उपचार के निर्देश दिएज्इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ वरिष्ठ पार्षद राजेश राय, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा,एन एस यू आइ के जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप उपस्थित रहे।

त्रिकुटी धाम सिहाद में अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई

अंवरी 4 सितंबर। छत्तीसगढ़ आदिवासी नगारची समाज द्वारा गोंडवाना धर्म संस्कृति संरक्षण संघ जिला - धमतरी के विशेष सहयोग से द्वितीय सावन महोत्सव के अवसर पर 2 अगस्त से 31 अगस्त तक फड़ापेन बड़ादेव ठाणा त्रिकुटी धाम सिहाद में अखण्ड ज्योत प्रज्वलित किया गया है जिसका 31 अगस्त को हवन पूर्णाहूति कर फड़ापेन बड़ादेव चालीसा आरती, खैरो दाई आरती कर सतरंगी ध्वज फहराया गया। समस्त बड़ादेव भक्तगण द्वारा अपनी - अपनी मनोकामना धागा बांधा गया , खीर पूड़ी की भंडारा रखकर सभी व्यक्तियों को महाप्रसादी का वितरण किया गया।इस अवसर पर गोंडी धर्माचार्य तिरुमाल विक्रम मण्डावी जी,आशा ध्रुव, नगारची समाज प्रदेश अध्यक्ष श्री रामनारायण जी, प्रदेश महासचिव घनश्याम नगारची, प्रदेश युवा अध्यक्ष गजेन्द्र मरकाम, डोमा मुड़ा अध्यक्ष संतोष नगारची, सचिव नागेन्द्र मरकाम, मुठवा रतन नगारची, हेमलाल नेताम, राजेश जोड़ाम, नेहा नगारची, सुनैना नगारची, ठामेश्वरी नगारची, निर्मला नगारची, लक्ष्मी नेताम, संतोष नेताम, अनुराग नगारची, सूरज जोड़ाम, समस्त नगारची समाज प्रमुखों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ''चुनाई चिरई'' से लोगों को किया जा रहा है जागरूक

दंतेवाड़ा, 4 सितंबर। आगामी विधानसभा निर्वाचन के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत चुनाई चिरई का लगातार प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अलग- अलग स्थानों में स्वीप के माध्यम से कार्यक्रम भी किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अपने जिला चिकित्सालय तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में ओपीडी पर्ची में ''चुनाई चिरई'' के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिसमें लोगों को ओपीडी पर्ची में चुनावी चिरई का सील लगाकर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उप निर्वाचन अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार ठाकुर ने बताया कि इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा भी ''चुनाई चिरई'' के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर रहे है। इसके साथ ही हम लगातार मतदाताओं को ई.व्ही.एम एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट के अलावा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केन्द्रों में जागरूकता रथ के माध्यम से ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। जिससे विधानसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बड़े और ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में आकर मतदान करें।

एक नजर

हलषष्ठी 5 को व जन्माष्टमी का पर्व 7 को मनाना श्रेष्ठ

महासमुंद,4 सितंबर। संतान की दीर्घायु व परिवार की मंगल कामना के लिए माताएं हलषष्ठी का व्रत 5 सितंबर को रखेंगी। हलषष्ठी व्रत के लिए बाजार में पसहर चावल समेत पूजन सामाग्री मिलना शुरू हो गया है। इस दिन माताएं भैंस दूध से निर्मित दही व अन्य सामाग्रियां व्रत में उपयोग करती है। दोपहर में हलषष्ठी माता का कथा श्रवण कर व्रत का पारणा करती है। इसी तरह जन्माष्टमी का पर्व 7 सितंबर शुरूवार को मनाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी ने बताया कि ब्र हवैवर्त पुराण, पद्म पुराण व स्कंद पुराण में उल्लेख है कि जब दो दिन अष्टमी हो तो सप्तमी युक्त अष्टमी को छोड़कर नवमींयुक्त अष्टमी में व्रत करना चाहिए। यह योग 7 सितंबर को बन रहा है। अष्टमी तिथि का प्रारंभ 6 सितंबर बुधवार की शाम 3.37 से 7 सितंबर गुरूवार की शाम 4.15 तक है। इसी तरह रोहणी नक्षत्र 6 सितंबर की सुबह 9.19 से 7 सितंबर की सुबह 10.24 तक है। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण का जन्म रोहणी नक्षत्र, दिन बुधवार और भादो माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रात्रि में हुआ था। जब तीनों संयोग एक साथ मिलता है तो उसे जयंती योग कहते है। यह योग 6 सितंबर को बन रहा है। अग्नि पुराण में कहा गया है कि कलयुग में व्रतराधियों को श्रेष्ठफल के लिए जयंती व्रत नही बल्कि जन्मोत्सव व्रत मनाना चाहिए। जन्मोत्सव व्रत 7 सितंबर को बन रहा है इसलिए 7 सितंबर को जन्माष्टमी बनाना श्रेष्ठकर होगा।

सरायपाली लर्निंग लाइसेंस शिविर में 192 लोगों को दिया गया हाथों हाथ लाइसेंस

महासमुंद। कलेक्टर प्रभात मलिक के आदेशानुसार रविवार को नगर पालिका सरायपाली में लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु शिविर का अयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को लाइसेंस बनाने हेतु जागरूक करना तथा दूरस्थ अंचलों में हाथों हाथ लर्निंग लाइसेंस दिया जाना है। शिविर में कुल 192 लर्निंग लाइसेंस जारी कर हाथों हाथ प्रदान किया गया। शिविर का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय महासमुंद और शासन द्वारा सरायपाली क्षेत्र हेतु अधिकृत अन्नू परिवहन सेवा केंद्र एवम मां शारदा परिवहन सेवा केंद्र तथा महासमुंद क्षेत्र हेतु अधिकृत पीयूष परिवहन सेवा केंद्र एवम प्रगति परिवहन सेवा केंद्र के सयुक्त तत्वाधान में पूर्ण किया गया।

जिला स्तरीय क्रिकेट अंडर-14 व 16 का ट्रायल 3 और 9 को पत्थलगांव में

पत्थलगांव, 4 सितंबर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशन में जिला क्रिकेट संघ जशपुर द्वारा आगामी 3 सितंबर को अंडर 14 एवं 9 सितंबर को अंडर 16 के क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल बॉयज हाईस्कूल ग्राउंड पत्थलगांव में सुबह 9 बजे से होगा। जिले के समस्त ड्यूज बॉल के क्रिकेट खिलाड़ी हाईस्कूल ग्राउंड पत्थलगांव में जिला क्रिकेट संघ के सचिव अनिल श्रीवास्तव से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। अंडर 14 के लिए जन्मतिथि 1 सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2011 के बीच तथा अंडर 16 के लिए जन्मतिथि 1 सितंबर 2008 से 31 अगस्त 2010 के बीच होना आवश्यक है। पंजीयन के लिए 1 नवीनतम पासपोर्ट फोटो, मूल जन्म प्रमाण पत्र, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, मूल आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, स्कूल की मूल अंकसूची लेकर आना है। ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को सफेद ड्रेस एवम स्वयं की कीट के साथ उपस्थित होना होगा।

खेत में अज्ञात बालक का शव मिलने से फैली सनसनी

पत्थलगांव, 4 सितंबर। रायगढ रोड मे स्थित एक प्राईवेट स्कूल से लगे खेत मे दस साल के बालक का नग्न अवस्था मे शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी। शव को ग्रामीणो ने देखकर पुलिस को इस बात की सूचना दी,परंतु ग्रामीण भी शव की शिनाख्त नही कर पाये। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले का खुलासा होने की बात कही है। इधर खेत मे शव मिलने से तरह-तरह की चर्चाये हो रही है। प्रथम दृष्टया से शव को देखने पर शरीर मे अनेक प्रकार के निशान दिखायी दे रहे है,जिससे लोगो ने हत्या कर लाश फेकने के भी कयास लगाये है। इधर पुलिस कुछ भी कहने से मुकर रही थी,आज दोपहर 2 बजे के लगभग रायगढ रोड स्थित जोगपाल स्कूल के पास खेत मे एक दस से बारह साल के अज्ञात बालक का शव नग्न अवस्था मे पाया गया,जिसकी प्रथम सूचना ग्रामीणो द्वारा पुलिस को दी गयी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर आस-पास के सी.सी.टी.वी कैमरे की भी मदद लेनी चाही,परंतु उनसे कोई खास सुराग हासिल नही हो पाया। अभी तक शव की भी शिनाख्त नही हो पायी थी,पुलिस ने अज्ञात शव मानकर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।।

आरटीई की राशि नहीं मिलने से रोष व्यापत

5 सितंबर को स्कूल बंद रखकर जताएं विरोध:पीडी मानिकपुरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया,4 सितंबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों को 4 साल से आरटीई की राशि नहीं मिली है। इसे लेकर कई बार शासन-प्रशासन से मांग की जा चुकी है परंतु लगातार उनकी मांगों को लेकर शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने बड़ा फैसला लिया है। संगठन ने 5 सितंबर को प्राइवेट स्कूलों को बंद रखकर शिक्षक दिवस नहीं मनाने का फैसला किया है।छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के रायगढ़ / सारंगढ़ जिलाध्यक्ष पीडी मानिकपुरी ने बताया की 3 सितंबर को प्रदेश के प्राइवेट स्कूल के प्रमुख लोगों की बैठक रायपुर में की गई। जिसमें अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। इसी क्रम में सर्वप्रथम 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन स्कूल बंद रख कर शिक्षक दिवस कार्यक्रम नहीं मनाने का फैसला किया गया है।जिलाध्यक्ष पीडी मानिकपुरी ने बताया कि 4 साल से राज्य सरकार ने आरटीई की राशि रोक कर रखी हुई है। इसके चलते हम शिक्षकों को समय पर ना तो वेतन दे पा रहे हैं और ना ही उन्हें उचित मानदेय दे पा रहे हैं तो कैसा सम्मान। पिछले 12 वर्षों से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि भी नहीं की गई है। जबकि महंगाई कहां से कहां पहुंच गई है। वहीं दूसरी ओर आरटीई में प्रवेश देने शासन का जबरदस्त दबाव रहता है। अब प्रदेश संगठन ने वृहद आंदोलन कर 5 सितंबर को स्कूल बंद रखकर शिक्षक दिवस न मनाकर व काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 4 सितंबर। बैगलेस-डे के अवसर दिन शनिवार को सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शाला स्तर पर कक्षा पहली से नौवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आर्ट क्रॉफ्ट/बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों की सृजनात्मकता एवं आंतरिक गुणों को निखारने और अपनी कला-कौशल को उजागर करना था। प्रतियोगिता की अध्यक्षता उप प्राचार्य फा.सिलास टोप्पो द्वारा किया जा रहा था,प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता कला प्रदर्शन और विभिन्न रूपों को सिखाने के साथ-साथ अपने जीवन को कला के क्षेत्र में विकसित करने के लिए प्रेरित करने के लिए जरूरी था। प्रतियोगिता के निर्णायक दल द्वारा प्रतियोगिता में सहभागी हुए बच्चों के कला का मूल्यांकन किया,प्रतियोगिता में विद्यार्थियों में तीव्र उत्साह और रूचि देखने को मिला और विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहकर निश्चित समय-सीमा में अपनी कला को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने आर्ट क्रॉफ्ट/बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट पर आकर्षक और बेहतरीन नमूना पेश किया,इस प्रतियोगिता में बच्चों ने चन्द्रयान, पेन होल्डर, फूलदानी, घर, गुलदस्ता, झूमर,श्रृंगार बॉक्स, सुंदर फूल-पौधा आदि कलाओं का प्रदर्शन किया। प्राचार्य फा.सुनील खलखो ने विद्यार्थियों के आकर्षक कलाओं को देखकर कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों में उनके कला एवं आंतरिक रूचि में निखार लाते हैं और बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में मद्दगार होते हैं।

मोदी सरकार ने महिलाओं के हित में फैसले लिए हैं : योगेश्वर

महासमुन्द। भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा ने मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर हमारी बहनों बेटियों माताओं को बहुत बड़ा उपहार दिया है। इससे देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ता परिवारों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन बांटने का फैसला भी लिया है। जिससे देश की निर्धन वर्ग की महिलाओं को धुएं वाले चूल्हे से मुक्ति मिलेगी और वह बेहतर माहौल में अपने घर की रसोई तैयार कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने हमेशा गरीब कल्याण एवं महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया है। उज्जवला योजना का लाभ पूरे देश की महिलाओं को मिले इसके लिए सभी महिलाओं को गैस सिलेंडर का वितरण भी किया जा रहा है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को मोदी सरकार के इस फैसले से बड़ी राहत मिली है। राज्य में 59 लाख परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। लगभग 34 लाख उज्ज्वला योजना हितग्राहियों को दोहरा लाभ मिला है। उज्ज्वला हितग्राहियों को केंद्र सरकार पूर्व से ही सब्सिडी दे रही है। ताकि गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ ना पड़े। आज मोदी जी ने उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों सहित सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति का प्राथमिकता के साथ ध्यान रखा है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के देश की सभी महिलाओं के हित में फैसले लिए हैं ।

खैरा में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की व्यापक कार्रवाई

महासमुंद। राजस्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा रविवार को ग्राम खैरा तहसील महासमुंद में अतिक्रमण हटाने की व्यापक कार्यवाही की गई। महासमुंद से बागबाहरा की ओर जाने वाली एनएच 353 से लगी हुई बहुमूल्य शासकीय जमीन से 37 दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया। उक्त कार्यवाही से पूर्व कलेक्टर प्रभात मलिक ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के सरपंच नीलम कोसले एवं पूर्व सरपंच तथा आम जनता से शहर के व्यवस्थित विकास हेतु लोगों से चर्चा की गई , जिससे सहमत होते हुए अनेक अतिक्रमणकारियों ने स्वतः ही अपना दुकान खाली कर दिया था। कुछ अतिक्रमण कारियो के सामान्य विरोध के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू द्वारा समझाइस देने पर दुकान से अपना सामान बाहर निकाल लिया। इस प्रकार सामान्य विरोध के पश्चात शांतिपूर्वक ढंग से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आज की गई। एसडीएम उमेश कुमार साहू के नेतृत्व में राजस्व अमले तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई, नायब तहसीलदार मोहित अमिला , टेकेंद्र नुरुटी, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, नगर पालिका अमला, पुलिस बल के द्वारा उक्त कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि अधिकांश अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वेच्छा से दुकान से अपना सामान हटाने से शांतिपूर्ण ढंग से अतिक्रमण हटाया गया।

16 खेलों में प्रतिभा दिखा रहे खिलाड़ी, विजेता प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत

धमतरी,4 सितंबर। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल और संस्कृति को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने हरेली तिहार के दिन छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की। जिसमें जिले के प्रतिभागी उत्साह से भाग ले रहे है और ग्राम पंचायत, जोन, विकासखंड एवं नगरीय स्तर पर विजय होकर को आगे बढ़ रहे है। हरेली तिहार 17 जुलाई से ग्राम स्तर से शुरू किए गए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 सितंबर 202× को डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय बालक उ'चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में किया जाएगा।कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का जिला स्तर पर शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजन की तैयारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण तैयारी की जा रही है।जिले में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का प्रथम चरण 17 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित किया गया। दूसरे चरण जोन स्तर की शुरूआत जिले में शुरू होकर ×1 जुलाई को समाप्त हुई। इसके बाद विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन किया। जिसमे विजेता प्रतिभागी अब जिला स्तर पर भाग लेंगे। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी संभाग स्तर पर और फिर रा'य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

हर आयु वर्ग के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल हो रहे है । इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

विजेता प्रतिभागियों को किया जा रहा सम्मानित

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर पर विजेता प्रतिभागियों से लेकर रा'य स्तर के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की जा रही। विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर प्रथम आने वाले विजेता खिलाड़ियों को 1000 रूपए, द्वितीय स्थान आने पर 750 रूपए एवं तीसरा स्थान आने पर 500 रूपए की पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह जिला स्तर पर प्रथम आने वाल विजेता प्रतिभागियों को 2000 रूपए की राशि, द्वितीय आने पर 1500 रूपए और तीसरे स्थान आने पर 1000 रूपए की राशि सहित प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। संभाग स्तर पर विजेता प्रतियोगियों को प्रथम आने पर ×000 रूपए, द्वितीय आने पर 2500 रूपए एवं तीसरे स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को 2000 रूपए एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। रा'य स्तर पर ओलंपिक के अंतिम आयोजन में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 5000 रूपए, द्वितीय आने पर 4500 रूपए एवं तीसरे स्थान आने वाले खिलाड़ियों को 4000 रूपए की राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

मिशन वात्सल्य के तहत चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 जारी

रायगढ़, 4 सितम्बर। छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति रायपुर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित मिशन वात्सल्य के तहत चाईल्ड हेल्प लाईन की स्थापना किशोर न्याय बोर्ड भवन के प्रथम तल पंजरी प्लांट, रायगढ़ में की गई है। चाईल्ड हेल्प लाईन भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जो कि देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों हेतु 24 घंटे आपातकालीन सेवा प्रदान करती है। टोल फ्री नंबर 1098 पर बच्चा स्वयं अथवा कोई भी व्यक्ति उपरोक्त श्रेणी के बच्चों की मदद हेतु टोल फ्री नंबर पर निःशुल्क कॉल कर संपर्क कर सकते है।

समाचार संक्षेप

स्वच्छता पखवाड़ा में स्वयं सेवकों ने शाला परिसर में की साफ सफाई

बीजापुर, 4 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 1सितम्बर से 15 सितम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बीजापुर में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जिसमें एन एस एस के स्वंयसेवकों ने शाला परिसर व उसके आसपास साफ-सफाई की। साथ ही उप प्राचार्य मनोज अल्लूर द्वारा बच्चों को हाथ धोने के तरीके बताते हुए उनके हाथ धुलाकर शारीरिक स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी शशि यादव, बी ठक्कर, दीपक झाडी, जितेन्द्र हेमला एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाए मौजूद रहे।

छात्रावास अधीक्षक को कलेक्टर ने किया निलंबित

बीजापुर 4 सितम्बर । प्री मेट्रीक आदिवासी बालक छात्रावास तोयनार विकासखण्ड बीजापुर के कक्षा 11वीं के छात्र राजेश टिंगे की तालाब में डूबकर मृत्यु होने के कारण छात्रावास अधीक्षक की लापरवाही बरतने का कारण पाया गया। जिसे कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने छात्रावास अधीक्षक श्री भूपेश गंगवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं उनके स्थान पर अस्थाई रूप से प्रभारी छात्रावास अधीक्षक के पद पर श्री शंकर मोरला को दायित्व सौंपा गया है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 15 तक आवेदन

रायगढ़, 4 सितम्बर । प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 हेतु नामांकन/आवेदन योग्य बालक/बालिकाओं से 15 सितम्बर 2023 तक वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन मंगाये गये है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2024 हेतु प्रमुख बातें बालक/बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना, दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का किया गया कार्य, उक्त घटना दिनांक को बालक/बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो एवं घटना अंतिम तिथि से 2 वर्ष के भीतर होनी चाहिए। आवेदक को पूर्व में इस हेतु राष्ट्रीय बाल द्वारा पुरस्कृत नहीं होना चाहिए। संलग्न आवश्यक दस्तावेज के रूप में घटना की एफआईआर अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरने जो इस बाबत प्रकाशित हुआ हो, उक्त घटना क्रम का कम से कम 250 शब्दों में घटना का विस्तृत विवरण सत्यापित प्रति सहित, जन्म संबंधी प्रमाण-पत्र एवं सभी आवश्यक दस्तावेज, 2 पासपोर्ट साइज के वर्तमान रंगीन फोटो ग्राफ्स, सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित एवं 4 अतिरिक्त पासपोर्ट साइज के फोटो, घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन-सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित (प्राचार्य/प्रधान पाठक, जिस स्कूल में बालक अध्ययनरत हो, पुलिस या अन्य विभाग), नामांकन/आवेदन 3 प्रतियों में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार पूर्ण रूप से भरे हुए होना चाहिए।

गरियाबंद जिले की महिलाएं प्रसव पीड़ा होने पर निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचेंगी

- जिलाधीश आकाश छिकारे के प्रति स्वास्थ्य विभाग ने आभार व्यक्त किया
- समय पर तत्काल वहां निजी वाहन उपलब्ध होंगे
- शासन ने निजी वाहनों को राशि देने का निर्देश दिया

गरियाबंद, 4 गरियाबंद। जिले का ज्यादातर हिस्सा पिछडा इलाका और अस्पतालों से ग्रामीण क्षेत्र की दूरी अधिक होने के चलते कई बार प्रसव पीड़ा के दौरान 102 एंबुलेंस के नहीं पहुंचने और देर से पहुंचने की समस्या को की गरियाबंद जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा ने गंभीरता से लिया और एक नई पहल करते हुए त्वरित योजना बनाकर इस समस्या का समाधान निकाल जिससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं प्रसव के समय होने वाली तकलीफ या मौत से बच पाएंगे इस योजना को नाम दिया गया है %मोर जचकी मोर गाड़ी ÷ इस योजना से दूर-दूर से पहुंचने वाली ग्रामीण महिलाएं अस्पताल पहुंचने पर वाहन निजी वाहन मालिकों को तत्काल शासन की ओर से राशि दी जायेगी वहां जल्दी पहुंचने से जच्चा बच्चा दोनों को प्रसव में कोई दिक्कत नहीं आएगी जिले भर से 100 से अधिक निजी वाहन का पंजीयन गर्भवती पीड़ित महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाने हेतु किया गया है जरूर पढ़ते ही मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ता अब गांव में ही मौजूद वाहन का उपयोग गर्भवती माता को नजदीकी अस्पताल तक ले जाने के लिए कर सकेंगे

इस संबंध में जिलाधीश आकाश छिकरे से चर्चा करने पर वह कहते हैं इस योजना का एक बहुत बड़ा फायदा यह होगा कि अनेक अवसरों पर गर्भवती महिलाएं समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाती शासकीय वाहनों की कमी बनी रहती है 102 और 108 लगातार अन्यत्र स्थान को में रहते हैं इससे निजी वाहन के माध्यम से गर्भवती माताएं अस्पताल तक पहुंच करके सुरक्षित प्रसव कर सकेंगे और शासन की ओर से भी इन निजी वाहनों के मालिकों को वहन खर्च प्रदान किया जाएगा जिससे उनको भी नुकसान नहीं होगा वहीं

एक वाहन चालक से चर्चा करने पर वे कहते हैं कि वैसे भी हमारी इच्छा महिलाओं को प्रसव के समय मदद करने की रहती है और यह हमारा सौभाग्य होगा कि हम अपनी माता बहनों को समय पर अस्पताल पहुंचा सकेंगे और सुरक्षित प्रसव करवा सकेंगे जहां तक राशि की बात है अगर शासन देती है तो हम उनके व्यक्तिगत रूप से आभारी रहेंगे और डीजल और वहां के खर्च कम से काम निकालता रहेगा

एक नजर

कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ बना अपराधगढ़:लक्ष्मी बघेल

तिल्दा-नेवरा, 4 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। कानून का डर किसी भी अपराधियों में जरा सा भी नहीं दिख रही है। यही वजह है कि विगत दिनों रक्षाबंधन के पवित्र अवसर पर रायपुर से लगे गांव में दो सगी बहनों से दरिंदगी की विभत्स घटना घटी है। पूर्व विधायक बालोदा बाज़ार एवम् भाजपा नेत्री लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में पूरा सिस्टम ही अपराधियों का हौसला बढ़ा रहा है। सड़कों पर बाइक से स्टंट कर भय का वातावरण बनाने वालों, सरेआम चाकू लहराते वालों, और सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी करने वालों पर ढंग से कार्यवाही की जाती तो इस तरह की घटना ना घटती। और अपराधी ऐसी घटना करने से पहले सोचते। ऐसी घटनाएं प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ समाज के समक्ष के गंभीर प्रश्न खड़ा कर रहे हैं। लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार पर शराब बंदी करने का वादा कर लोगों को ठगने का आरोप लगाया है। गंगा जल की सौगंध खाकर वादा तोड़ने वाली कांग्रेस पार्टी को चुनाव में सबक सिखाएगी। छत्तीसगढ़ के कानून व्यवस्था खराब होने के लिए भूपेश बघेल सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है।

मोटर साइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कसडोल, 4 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। थाना कसडोल के अंतर्गत मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 सितंबर को प्रार्थी अमित कुमार पैकरा ने थाना कसडोल में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 1 सितंबर की शाम करीब 5 बजे अपने घर की परछी में मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एलडी 4191 को खड़ी किया था। अगले दिन सुबह 6 बजे उठा तो मोटर साइकिल वहां पर नहीं थी जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। जिस पर अपराध धारा 379 भारतीय दंड विधान कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान कसडोल पुलिस को जानकारी मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल बेचने के फिराक में घूम रहा है। पश्चात ग्राम छरछेद में घेराबंदी कर आरोपी किसन देवार पिता नाथू उम्र 19 वर्ष ग्राम खोखरा थाना व जिला जांजगीर चांपा को पकड़कर पूछताछ किया गया। जिसमें आरोपी ने उक्त मोटरसाइकिल को चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना : 96 हजार से अधिक मरीज लाभान्वित

बलौदाबाजार, 4 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के सभी नगरीय निकायों में संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत अब तक 1411 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। जिससे 96 हजार 361 मरीज लाभांवित हुए है। जिसमें से 90 हजार 679 मरीजों को दवाईयों का वितरण एवं 24 हजार 627 मरीजों का विभिन्न प्रकार के लैब टेस्ट किया गया है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार अंतर्गत 203 कैम्प में 14 हजार 506 हितग्राहियों का सफल ईलाज किया गया। जिसमें 4 हजार 591 लैब टेस्ट एवं 13 हजार 365 नि:शुल्क दवा वितरण, नगर पालिका परिषद भाटापारा अंतर्गत 595 कैम्प में 38 हजार 953 हितग्राहियों का सफल ईलाज किया गया।

कमरछठ यानी हलषष्ठी पूजा में बिना हल जोते उगने वाले पसहर चावल की बड़ी मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल, 4 सितम्बर। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व में से एक हलषष्ठी (कमरछठ) त्यौहार इस बार मंगलवार 5 सितंबर को मनाया जाएगा। इस दिन माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र व सुख समृद्धि के लिए हलषष्ठी माता की पूजा अर्चना करेंगी। अन्य प्रदेशों में हलषष्ठी पर्व को भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्म उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा है। हलषष्ठी यानि छठ माता की पूजा -अर्चना में पसहर चांवल के साथ छह प्रकार की भाजियों का भी भोग लगाया जाता है। इस बार महिलाओं में बहुत ही ज्यादा उत्साह है।

हलषष्ठी पूजा में पसहर चांवल का भोग लगाने की मान्यता के चलते, चांवल शनिवार रविवार को महंगे दामों में बिका। अलग-अलग जगहों पर कसडोल के बाजार चौक, बजरंग चौक, गायत्री चौक, बलार रोड, सिरपुर रोड इलाके में सड़क किनारे की दुकानों पर आम दिनों की अपेक्षा चांवल को दुगनी तिगुनी कीमत पर बेचा गया।

बिना हल जोते उगता है पसहर चांवल: पसहर चांवल को खेतों में उगाया नहीं जाता। यह चांवल बिना हल जोते अपने आप खेतों की मेड़, तालाब पोखर आदि जगहों पर उगता है। भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्म उत्सव वाले दिन हलषष्ठी मनाए जाने के कारण बलदाऊ के शस्त्र हल को महत्व देने के लिए बिना हल चलाए उगने वाले पसहर चांवल का पूजा में इस्तेमाल किया जाता है। पूजा के दौरान महिलाएं पसहर चांवल को पकाकर भोग लगाती हैं साथ ही चांवल का सेवन कर व्रत तोड़ती है।

अन्य पूजन सामग्री का भी महत्व: नारियल, फुलौरी, महुआ, दोना टोकनी, धान की लाई और छह प्रकार की भाजी का भी पूजा में महत्व है। भाजी को हाथों से ही तोड़ा जाता है। चाकू या हंसिए का प्रयोग वर्जित है।

माता देवकी ने किया था व्रत

मान्यता है कि माता देवकी की छह पुत्रों को जब कंस ने मार दिया तब पुत्र की रक्षा की कामना के लिए माता देवकी ने भादो कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को षष्ठी देवी (छठ माता) की पूजा-अर्चना करते हुए व्रत रखा था। इसी मान्यता के चलते महिलाएं अपने पुत्र की रक्षा व खुशहाली के लिए छठ का व्रत रखती है। हलषष्ठी (कमर छठ) त्यौहार में मिट्टी की नाव और फूल पत्तों से सगरी सजाकर सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना करनें की परंपरा हलषष्ठी (कमर छठ) पर माताएं मिट्टी की नाव बना कर, फूल पत्तों से सगरी को सजाकर सामूहिक रूप से पूजा -अर्चना करती है। शिव शंकर और मां पार्वती की पूजा अर्चना करते हुए निर्जला व्रत रखकर शाम को व्रत तोड़ती है। हलषष्ठी (कमर छठ) त्यौहार में छत्तीसगढ़ में ज्यादातर महिलाएं मान्यता के अनुसार बिना हल चली वस्तुओं का प्रयोग करती हैं जिसमें पसहर चांवल प्रमुख है। हलषठी (कमर छठ) त्यौहार में अगल-अलग छह प्रकार की भाजी खाने का रिवाज़ है जिसमें लालभाजी, चरौटा भाजी, चौलाई भाजी, मुनगा भाजी, चेंच भाजी, कुम्हड़ा भाजी एवं खट्टा भाजी शामिल है। हलषष्ठी (कमर छठ) पर्व में मान्यता है कि व्रत रखने वाली महिलाएं सुबह से उठकर महुआ पेड़ की डाली का दातुन लेकर मुंह शुद्ध करती हैं। तत्पश्चात स्नान के बाद दिन भर निर्जला व्रत रखती हैं। इस व्रत में भैंसिन की दूध, दही, घी व अन्य पदार्थों का उपयोग किया जाता है। कमर छठ पर्व को लेकर बाजार में पसहर चावल, भैंसिन के दूध, दही व घी की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है। समाजसेवी भरत लाल साहू और विष्णु साहू ने कमर छठ के इस पावन पर्व पर माताओं को अपनी शुभकामनाएं दी है।

सड़क पर दुकान से यातायात का बुरा हाल हमेशा जाम की स्थिति, जनता परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 4 सितम्बर। रामलीला मैदान, महीना बीतने को आया प्रदर्शनी ने जैसा माहौल बनाया हुआ है, उससे इस मैदान में होने वाले आयोजन बीच सड़क पर हो रहे हैं इधर पर्व और त्योहारो के दिन चालू हो चुके हैं तो विधानसभा चुनाव की तैयारीयां खूब देखी जा रही है। यह सब मिलकर उस यातायातअव्यवस्था को और भी बढ़ा रही है। जो पहले से ही चौपट है।

बीते दिवस दो बड़े आयोजन हुए वैसे विशुद्ध दोनों राजनैतिक कार्यक्रमों में बड़ी भीड़ जुटी पूरा दिन सड़कों पर ऐसी आवाजाही रही कि पैदल चलने वालों को भी परेशान होना पड़ा। जिम्मेदार महकमा गश्त करना तो दूर दिखाई तक नहीं दिया लेकिन जगह-जगह सुस्ती की चर्चा शहर भर में होती रही। शेष शहर अव्यवस्था का सामना देर रात तक करता रहे। रामलीला मैदान यानी पुराना गंज। महीना बीतने को आया, यहां प्रदर्शनी लगी हुई, है, इसलिए रोज शाम जय स्तंभ चौक और आस -पड़ोस बदहाल स्थिति के बीच में रहता है। जहां- तहां दो पहिया और चार पहिया खड़ी करने के बाद किस तरह पैदल आवाजाही हो पाती है ? पूछा जा रहा है कि प्रदर्शनी की अनुमति देते समय पार्किंग की व्यवस्था क्यों नहीं की गई या कहां है पार्किंग ?

पर्व करीब हैं ऐसे में संबंधित सामाग्रीयां बेचनें वाली दुकाने सड़क पर उतर आई हैं। पहले से ही सड़कों पर सब्जी व फल ठेले वालों का कब्जा है। ऐसे में संबंधित सामाग्रीयों की दुकानों का लगना ढेर सारी समस्याओं को सामने ला रहा है। हद तो तब, जब ऐसी व्यापारिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जिम्मेदार पालिका प्रशासन सामने नहीं आता। ध्यान सिर्फ कर वसूली तक ही सीमित है। ग्रामीण क्षेत्रों से सारा दिन आवाजाही होती रही। सड़क पर यातायात का दबाव देर रात तक बना रहा। चौक-चौहारो की हालत सहज जानी जा सकती है। जिम्मेदारों की जिम्मेदारी सिर्फ वी आई पी की सुरक्षा और उनकी आसान आवाजाही तक ही बनी रही। शहर देखता रहा। देख भी रहा है। मालूम है ऐसे ही बीतेगें आने वाले दिन।

बढ़ते बलात्कार,बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में अभाविप ने फूंका सरकार का पुतला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 4 सितम्बर। पिछले दिनों हुए बलात्कार की घटना के विरोध में आज अभाविप द्वारा प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया गया। ज्ञात हो की रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के अटूट रिश्ते का पर्व होता है इसी रक्षाबंधन के दिन अपने भाइयों को राखी बांधकर लौट रही दो सगी बहनों के साथ राजधानी रायपुर से लगे मंदिर हसौद में गैंग रेप जैसा घिनौना अपराध घटित हुआ, प्रदेश केंद्र में युवक द्वारा चाकू से बहनों को डराया गया और उन्हें उठा ले गए।

घटना के पश्चात क्षेत्र की जनता में भी काफी आक्रोश देखा गया वहा थाने का घेराव कर लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की मांग कि गई है। प्रदेश मंत्री मनोज वैष्णव ने कहा कि ÷प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। हर दूसरे दिन प्रदेश की बहन बेटियों के साथ इस तरह का जो अनाचार घटित हो रहा है वह प्रदेश में कानून व्यवस्था के बदहाल स्थिति को परिलक्षित करता है।नगर मंत्री शुभम निषाद आज प्रदेश में कोई भी बेटी सुरक्षित नहीं है ऐसे समय में आवश्यकता है कि सरकार ऐसी स्थिति में सुधार हेतु कानून व्यवस्था सुदृढ़ करे एवं ऐसे कृत्य के अपराधियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई करे।

अभाविप के नगर सहमंत्री मुकेश यादव एवं राहुल सिन्हा ने कहा कि आज अभाविप द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिला केंद्रों में तथा विकासखंड स्तर पर प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। जिससे सोई हुई सरकार अपने नींद से जागे और प्रदेश की कानून व्यवस्था की बेहतरी के लिए काम करे।

समाचार संक्षेप

चिकन सेंटर में महुआ शराब बेचने वाला गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 4 (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा एवं अति. पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी गिधौरी टुंडा के सी दास के मार्ग दर्शन में अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाकर धरपकड़ कर कार्यवाही करने के प्राप्त निर्देश पर 3 सितम्बर को चौकी गिरौदपुरी पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिला की ग्राम डेराडीह का प्रकाश नायक अपने चिकन सेंटर में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है की सूचना पर चौकी गिरोधपुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम डेराडीह पहुंचकर आरोपी के चिकन सेंटर में रेड करवाई किया गया आरोपी प्रकाश नायक अपने चिकन सेंटर मैं उपस्थित मिला जिसे महुआ शराब रखने के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने चिकन सेंटर में महुआ शराब रखना स्वीकार किया और एक पीले रंग की प्लास्टिक जरकिन 5 लीटर क्षमता वाली में 5 लीटर महुआ शराब व 1 लीटर वाली प्लास्टिक के पानी बोतल में 1 लीटर महुआ शराब कुल 6 लीटर कीमती 1200 को अपने दुकान से निकलकर पेश किया जिसे आरोपी प्रकाश नायक के कब्जे से जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर किया गया जेल दाखिल उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक ओम सिंह साहू, प्रधान आरक्षक जितेंद्र कुमार साहू, आरक्षक लक्ष्मी प्रसाद कोसले, लकेश्वर पुरैना की सराहनीय भूमिका रही।

शासकीय महाविद्यालय में कानून की जानकारी दी

छुरा, 4 (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशन व छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के तत्वाधान मे पैरा लीगल वालेंटियर कोमल निषाद थाना पांडुका एवं कमलेश कश्यप थाना - छुरा जिला गरियाबंद के द्वारा 2 सितंबर 2023 शनिवार को शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनित कुमार साहू के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में नालसा के विभिन्न योजनाओं से संबंधित जिसमें नालसा का गठन कब तथा किस उद्देश्य से किया गया नालसा क्या करता है? रैगिंग निरोधक कानून की जानकारी, पाक्सो एक्ट, प्रयास अभियान, बचपन बचाओ आंदोलन, नि:शुल्क विधिक सहायता किन किन लोगो को मिलता है तथा आगामी नेशनल लोक अदालत जैसे महत्वपूर्ण जानकारी महाविद्यालय के छात्राओं को दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डी पी सिंह, सुश्री रागनी ठाकुर, हेमा साहू, डॉ अन्नपूर्णा देवांगन, सुश्री ज्योति साहू, सुश्री नेहा चंद्राकर उपस्थित रहे।

10 लीटर महुआ शराब व बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 4 (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। उप पुलिस महा निरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा अवैध जुआ सटटा एवं अवैध शराब के उपर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एंव उप पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिँह बलौदाबाजार के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी थाना गिधपुरी जगसिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप रवाना हुआ था कि 3 सितम्बर को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ती ग्राम वटगन से ग्राम जुनवानी की ओर शराब बिक्री करने हेतु परिवहन करते आ रहा है कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफएवं गवाहान के रेड कार्यवाही कर आरोपी चमन टंडन पिता हेमंत टंडन उम्र 19 साल साकिन खैरी थाना पलारी को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़े आरोपी से एक काला बैग मे 10 लीटर महुवा शराब, कीमती 2000 रूपये एवं मोटर सायकल बिना नंबर का हौंडा शाइन कीमती 70000 रूपये को समक्ष गवाहन के वजह सबुत मे जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही मे राजेश कुमार वर्मा, खिलेश्वर वर्मा, छत्रपाल वर्मा का विशेष योगदान रहा।

संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

नवपदोन्नत शिक्षकों एवं प्रधानपाठकों का किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 4 सितम्बर। संकुल केंद्र छुरा में शिक्षक सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल.मतावले मुख्य अतिथि के आसंदी पर विराजमान थे। बीआरसी महेश राम साहू ने अध्यक्षता किया।

वरिष्ठ शिक्षक सी.आर.सिन्हा, मदन सेन, श्यामलाल आदिले, समन्वयकगण विनोद चंद्राकर, शंकर लाल यदु तथा खोरबाहरा निषाद विशिष्ट अतिथि थे। सरस्वती वंदना के साथ मां शारदे की पूजा अर्चना की गई।अर्चना साहू एवं जमीला खातून ने स्वागत गीत से अतिथियों एवं समस्त शिक्षकों का अभिनंदन किया।समन्वयक शंकर लाल यदु ने स्वागत भाषण देते हुए नव पदोन्नत शिक्षकों एवं प्रधानपाठकों को शुभकामना प्रेषित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल.मतावले ने अपने विद्यार्थी जीवन के चुलबुले, नटखट अंदाज को साझा किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन की सीख हमें अपने शिक्षकों से ही मिलता है।अनुशासन के बलबूते ही हमें सशक्त राष्ट्र गढ़ने का दायित्व निभाने को मिला। हमें अपने सभी कर्तव्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ समय सीमा में पूर्ण करना चाहिए। आगे कहा कि बच्चों की उचित शिक्षा के साथ ही उच्च कार्यालय के साथ पत्रों के समन्वय की की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी भी आपही के कंधों पर है।

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक महेश राम साहू ने कहा कि हमें अपने अंदर संतुष्टि के भाव को त्याग कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव जागृत करना होगा ताकि विविध गतिविधियों के माध्यम से अपने और बच्चों के हुनर को तराश सके। वरिष्ठ शिक्षक सी.आर. सिन्हा ने कहा कि हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देकर बच्चों के हित के लिए सदैव प्रयास करना होगा। बच्चों की विशिष्ट उपलब्धि ही हमारा पुरस्कार है। हमें अपने विद्यालय को एक परिवार की भांति संगठित रखना होगा। वरिष्ठ शिक्षक मदन सेन ने अपने चिर-परिचित अंदाज में विभिन्न ग्रंथो, उपन्यास के प्रेरक प्रसंग के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा का मोहक मिसाल प्रस्तुत किया। उन्होंने मिसाइलमेन पूर्व राष्ट्रपति महामहिम एपीजे अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने के बाद सर्वप्रथम विद्यालय आकर अपने गुरु के चरण छूकर सम्मान करने की सुंदर घटना का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्रीय निर्माता होता है। शिक्षक सभी के लिए सम्माननीय होता है। सभी पदोन्नत प्रधानपाठकों को मुखिया के नई जिम्मेदारी के निष्ठापूर्वक निर्वहन की शुभकामना दिए। नव पदोन्नत प्रधानपाठक मंगलमूर्ति सोनी, मोहनी गोस्वामी, सबीना नाज तथा पदोन्नत शिक्षक रोहित नेताम ने अपना अनुभव साझा किया।

लंबे अरसे के बाद पदोन्नत हुए प्रधानपाठक और शिक्षकों के चेहरे में कुछ नया करने की खुशी साफ झलक रही थी। सभी प्रधानपाठक मोहनी गोस्वामी, मंगलमूर्ति सोनी, अर्चना साहू, भुवनेश्वरी पटेल, प्रेमवती ध्रुव, यशोमती यदु, जमीला खातून, पूर्णिमा देवांगन, सबीना नाज़, हेमलाल साहू, प्रभु लाल यदु तथा पदोन्नत शिक्षक रोहित नेताम, सुशील कुमार पांडे, सुनीता देवांगन, युनुस परवेज़ खान का शुभकामना पत्र, रामचरितमानस ग्रंथ, संविधान संहिता, श्रीफल, कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों एवं समन्वयकों का सम्मान किया गया। उपस्थित सभी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन समन्वयक विनोद चंद्राकर ने किया। संकुल परिवार ने एक साथ स्नेह भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम में शिक्षक फलेंद्र ठाकुर, हेमलाल पटेल, देवनारायण यदु, ईश्वर प्रसाद देवांगन, योगेश्वरी, रामकुमारी ध्रुव, अमरिका ध्रुव, चंद्रभूषण निषाद, संतोष निषाद, सहायिका प्रमिला, आरती, डूमेश्वरी, कारी बाई सहित संकुल केंद्र छुरा के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

एक नजर

डेंगू पर भाजपाइयों का जोन कमिश्नर कार्यालयों के सामने प्रदर्शन

रायपुर, 4 सितम्बर मुख्य नगर संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी ने आज नगर निगम के विभिन्न जोन कार्यालयों के सामने राजधानी में फैल रहे डेंगू को लेकर प्रदर्शन किया। भाजपाइयों का कहना है कि इस पूरे में मामले में नगर निगम उदासीन है। भाजपा के जिलाध्यक्ष जयंती पटेल ने बताया कि इस समय डेंगू बुखार फैला हुआ है जिसके चलते कई लोग अकाल मौत के शिकार हो गए हैं। इसके विरोध में आज जोन क्रमांक 2, 4, 5 के समक्ष प्रदर्शन किया गया। एपेडेमिक कंट्रोलर डॉ. मिश्रा के अनुसार हाथ-पैर में दर्द तथा तेज बुखार आना डेंगू के लक्षण हैं। समय रहते इसका इलाज कराना चाहिए। एलाइजा टेस्ट होने के बाद ही इसके बारे में पता चलता है। कई निजी चिकित्सालय डेंगू के मरीज को भर्ती कर लेते हैं लेकिन इनका इलाज करना नियम विरूद्ध है। सिर्फ शासकीय चिकित्सालयों में ही इसका इलाज होता है। प्राइवेट नर्सिंग होम वाले इस समय डेंगू के नाम से भारी क्लेम कर रहे हैं लेकिन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इस पूरे मामले को लेकर गंभीर हैं। वे अनेक स्थानों पर जाकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। नगर निगम ने रुके हुए पानी को तत्काल निकालने की सलाह दी है। रामनगर में स्वास्थ्य अधिकारियों का दल पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी ले रहा है।

जमीन दिलाने के नाम पर महिला से 5 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर, 4 सितंबर। जमीन दिलाने के नाम पर महिला से 5 लाख 75 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पी.वर्षा राव 24 वर्ष श्रीनगर दुर्गा चौक खमतराई की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी राजदीप सरकार जमीन दलाली का काम करता है। आरोपी ने प्रार्थी को गोंदवारा अंडरबृज के पास जमीन दिलाने के नाम पर 5 लाख 75 हजार रुपए ऐंठ लिया और जमीन नहीं दिलाया। जिससे प्रार्थिया ने अपना पैसा वापस मांगा, तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

आरक्षक ने शराब दुकान के सुपरवाइजर एवं गार्ड को पीटा

रायपुर, 4 सितंबर। भाठागांव शराब दुकान के सुपरवाइजर और गार्ड से पुलिस आरक्षक द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र साहू 37 वर्ष प्रिति विहार कालोनी अमलेश्वर का रहने वाला है। प्रार्थी भाठागांव शराब दुकान में सुपरवाइजर है। बताया जाता है कि आरोपी आरक्षक क्रमांक 936 विजय कुमार सिदार बंद शराब दुकान में आकर गेट खोलने को कहा, तो गार्ड ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी व गार्ड से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन पर रायशुमारी

- छत्तीसगढ़ प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल
- हाईकमान की हरी झंडी के बाद जारी की जाएगी सूची

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 4 सितम्बर। मुख्यमंत्री निवास में आज छत्तीसगढ़ प्रभारी की उपस्थिति में विधानसभा चुनाव टिकिट के दावेदारों के नाम पर वन-टू-वन चर्चा हो रही है। उम्मीदवारों की घोषणा हाईकमान द्वारा की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार छग प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी कैबिनेट मंत्रियों की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटियों से आए पैनल में शामिल नामों पर चर्चा हुई। जीतने के मापदण्ड बनाए गए हैं। पार्षद अथवा अन्य चुनाव में जीत हासिल करने वालों को महत्व दिया जाएगा। यह चुनाव काफी महंगा होगा इसलिए सभी दावेदारों से उनकी आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी मांगी गई है।

छग विधानसभा चुनाव को लेकर अब कांग्रेस ने मोर्चा संभाल लिया है। ब्लाक स्तर के पश्चात जिला स्तर पर स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य सभी दावेदारों से चर्चा कर रहे हैं। एक-एक विधानसभा क्षेत्र से 50 से 60 दावेदार सामने आ रहे हैं। कांकेर जिले में पूर्व आईएएस अधिकारी शिशुपाल सोरी, सावित्री मंडावी एवं अनूप नाग की कार्यप्रणाली को लेकर काफी रोष है। यहां पर कई दावेदार सामने आए हैं। डॉ. हनुमंतैया पूरे बस्तर का दौरा करने के बाद अपनी रिपोर्ट दे चुके हैं। बिलासपुर जिले के बेलतरा से 90 लोगों ने आवेदन दिया है। जिले से छंटनी कर एक या दो नाम भेजे गए हैं। आज मुख्यमंत्री निवास में इस पर रायशुमारी हुई। हाईकमान से अनुमति मिलने के बाद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

सूखे की स्थिति पर मुख्य सचिव की नजर, 10 जिले प्रभावित

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 4 सितम्बर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलेक्टरों से चर्चा कर धान की स्थिति की समीक्षा की है। वर्तमान में 10 से अधिक जिले सूखे से प्रभावित हैं।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन मंत्रालय में सूखे की स्थिति को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों से चर्चा कर रहे हैं। छग में जशपुर, सूरजपुर, कोरिया, कोरबा, बेमेतरा-कवर्धा सहित अन्य जिलों में स्थिति खराब है। असिंचित क्षेत्रों में स्थिति और भी खराब है। यहां पर विभिन्न बांधों और जलाशयों से पानी छोड़ा गया है लेकिन निरंतर धूप के कारण धान के पौधे खराब हो रहे हैं। रायपुर जिले के तिल्दा, आरंग, धरसींवा, अभनपुर में स्थिति खराब है। कवर्धा छायावृष्टि वाला क्षेत्र होने के कारण यहां सूतियापाट सहित अन्य बांधों से पानी छोड़ने की मांग की जा रही है। नवगठित जिला मानपुर में मोंगरा जलाशय से पानी छोड़ा जा रहा है। इस समय रविशंकर जलाशय, हसदो परियोजना, केलो से पानी छोड़ा गया है।

अच्छी वर्षा की संभावना : डॉ. चंद्रा

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार बिहार से एक द्रोणिका पश्चिम बंगाल की ओर जा रही है। मौसम विभाग ने कहा कि निकट भविष्य में कहीं-कहीं हल्की से भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अन्य एक अन्य सिस्टम भी बन रहा है। जिसके अनुसार यहां पर अच्छी वर्षा होने के संकेत हैं। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार रायपुर जिले में औसत से अधिक वर्षा हो चुकी है। यहां पर खाद का वितरण किया जा रहा है। राजस्व सचिव के अनुसार सभी कलेक्टरों को राजस्व नियम के तहत अधिकार है कि वे लगान माफ कर सकते हैं। कृषि विभाग सूखे से निपटने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना बना रहा है।

सड़क में जानलेवा गड्ढा

रायपुर 4 सितंबर। तेलघानी नाका, सब्जी बाजार के पास सड़क पर एक बड़ा गड्ढा हादसों को आमंत्रित कर रहा है। सड़क पर एक माह पूर्व गड्ढा खोदा गया था। इसे समतल करने की जरूरत नहीं समझी गई है। पार्षद और जोन अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह गड्ढा इस क्षेत्र की शान व सुंदरता को आज भी बढ़ा है। क्षेत्रवासी कहने लगे हैं कि यह गड्ढा बली मांग रहा है। पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने तत्काल मरम्मत की मांग की है।

औद्योगिक इकाइयों को दोहरे कराधान से मिली मुक्ति

रायपुर 4 सितंबर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से नगरी निकाय क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक इकाइयों पर लगने वाले दोहरे कराधान को समाप्त करने मांग की गई थी जिसपर मुख्यमंत्री जी ने कल मंत्रीपरिषद की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए दोहरे कराधान को पूर्ण रूप से समाप्त करने की घोषणा की जिसका

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स स्वागत करता है। चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी जी ने बताया कि कल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आहुत हुई जिसमें नगरीय निकाय क्षेत्र में उद्योग विभाग द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक इकाई एवं वे औद्योगिक इकाइयां जो अब नगरीय निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत आते है उनपर से संपत्ति कर में छूट दिये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसका चेंबर स्वागत करता है।

कमरछठ 5 को, भाजियां व पसहर चावल के भाव आसमान छू रहे

रायपुर 4 सितंबर। संतान की लंबी उम्र के लिए 5 सितंबर मंगलवार को माताएं कमरछठ का व्रत रखेंगी. माताएं संतान की लंबी आयु के साथ परिवार के सुखमय जीवन के लिए व्रत रखेंगी. वहीं पूजा करने के स्थान पर सगरी खोदकर पूजन करेंगी. कमरछठ की तैयारी को लेकर बाजार में खासी भीड़ आज से ही देखी जा रही है. छह तरह की भाजियां, पसहर चावल, काशी के फूल, महुआ के पत्ते, धान की लाई सहित पूजा की कई छोटी-बड़ी पूजन की सामाग्री भगवान शिव को अर्पित कर संतान के दीर्घायु जीवन की कामना की जाएगी. सुबह से निर्जला व्रत कर महिलाओं ने दोपहर को भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा कर कमरछठ की कहानी सुनेगी।

पूर्व मंत्री चंद्राकर ने कांग्रेस को आरोप पत्र पर दिया बहस का चैलेंज

रायपुर 4 सितंबर। छत्तीगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर कुछ ही महीनों का वक्त बचा हुआ है. वहीं प्रदेश में चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है. प्रदेश में अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के राजनेताओं का आने जाने का दौर भी शुरू हो चुका है. तो वहीं सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है. भाजपा वरिष्ठ नेता और विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस को आरोप पत्र पर खुली बहस के लिए चैलेंज किया है. वहीं चंद्राकर के चैलेंज पर मंत्री कवासी लखमा ने पलटवार करते हुए कहा कि मैं अजय चंद्राकर को खुली चुनौती देता हूं, मेरे साथ राजभवन चले, आरक्षण के मुद्दे पर बात करें. हम आदिवासी उन्हें उठाकर ले जाएंगे, उन्हें पैदल भी जाने की जरूरत नहीं है. अगर वो ऐसा करते हैं तो कांग्रेस के विरोध में उनके लिए चुनाव प्रचार भी करूंगा.

चंद्राकर का खड़गे के दौरे को लेकर तंज और कांग्रेस को चैलेंज

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दौरे पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेसियों को खड़गे से मतलब नहीं है. वो प्रतीकात्मक अध्यक्ष है. कांग्रेसी गांधी परिवार के लिए जितनी तैयारी करते है उतनी तैयारी खड़गे के लिए करेंगे क्या ? खड़गे के दोनों कार्यक्रम असफल हुए है. उनके आने से वोट नहीं बढ़ेगा. आरोप पत्र को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयान पर अजय चंद्राकर ने कहा कि हम सीरियस है या नहीं अलग विषय है. बिंदु पर बहस करने कांग्रेस तैयार है. क्या, शैलजा जी तैयार है क्या ? बिंदुवार बहस के लिए हम तैयार है. उनके घोषणा पत्र और हमारे आरोप पत्र पर खुला बहस हो जाए. आरोप पत्र पर भरोसा है कि नहीं परिणाम के बाद दिखेगा. भाजपा की चुनौती है बहस स्वीकार करे.

बीजेपी द्वारा निकाली जा रही यात्रा पर चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पंद्रह साल में हमने जो किया और मोदी जी के दस साल के काम साथ ही जनघोषणा पत्र के नाम से ठगा गया. इसके अलावा आरोप पत्र को लेकर जनता तक जाएंगे. कांग्रेस में दावेदारो की भीड़ पर अजय चंद्राकर ने कहा कांग्रेस में जिस तरह विधायक बनकर इनकम हुई तो विधायक पद और मंत्री पद का आकर्षण बढ़ा है. वो जनसेवा के लिए नहीं आ रहे है. चकाचौंध बढ़ा है उससे आकर्षित हुए है.

मल्लिकार्जुन खड़गे को लेकर अजय चंद्राकर के दिये बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है. मंत्री कवासी लखमा ने पलटवार करते हुए कहा कि अजय चंद्राकर का खुद का ठिकाना नहीं है,खड़गे के बराबर न मैं हूं न अजय चंद्राकर. खड़गे लंबा राजनीति जीवन जीने वाला आदमी हैं, खड़गे बीजेपी के नाक में दम रखने वाले आदमी है. उन्हें राहुल गांधी भी पहले कुर्सी में बैठाते हैं. उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ. खड़गे दलित वर्ग से आए हुए हैं, वो इतना ऊपर कैसे पहुंचे इस बात को लेकर अजय चंद्राकर के पेट में दर्द है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23